E-PAPER

# थिंक राजस्थान

जयपुर
21 सितंबर, 2026
सोमवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 68 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक)

सोच नई, राजस्थान के लिए

मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

भारत-जापान युद्धाभ्यास में दिखी देश की हवाई ताकत

## जोधपुर में गरजे सुखोई-30 और राफेल के साथ एफ-2 ने भरी उड़ान

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**



भारत के आसमान में इन दिनों भारत और जापान के लड़ाकू विमानों की गूंज सुनाई दे रही है। दोनों देशों की वायुसेनाएं संयुक्त हवाई अभ्यास 'वीर गार्जियन 2026' के तहत युद्ध जैसी परिस्थितियों में अपनी हवाई युद्धक क्षमताओं को परख रही हैं।

अभ्यास अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इस दौरान दोनों देशों के लड़ाकू विमानों ने एयर स्ट्राइक से जुड़े कई अभियानों का अभ्यास किया है। अभ्यास में भारतीय वायुसेना के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) तेजस, सुखोई-30 एमकेआई और राफेल जैसे अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमानों ने हिस्सा लिया।

**22 सितंबर तक चलेगा युद्धाभ्यास**

### पेशेवर संवाद हुए

वहीं जापानी वायुसेना ने अपने एफ-2ए लड़ाकू विमान के साथ शिरकत की। इस चौदह दिवसीय अभ्यास में भाग लेने वाले वायु सैनिक उन्नत परिचालन मिशनों को अंजाम दिया गया। जोधपुर में दोनों सेनाओं के बीच व्यापक पेशेवर संवाद हुए। इस युद्धाभ्यास में मिशन योजना सम्मेलन, विषय विशेषज्ञों के आदान-प्रदान, इंजीनियरिंग व अंतरिक्ष सुरक्षा के पहलुओं पर भी वार्ता हुई।

भारत-अमेरिका का युद्धाभ्यास में युद्ध की बारीकियों को समझा

## जमकर गरजी एम 777 तोप हॉवित्जर सटीक निशाने पर ध्वस्त किए लक्ष्य

**थिंक राजस्थान • बीकानेर**



भारत और अमेरिका की सेनाएं संयुक्त युद्धाभ्यास के दौरान अपनी तोपखाना क्षमता का जोरदार प्रदर्शन कर रही हैं। भारत में जारी इस युद्धाभ्यास के दौरान एम777 अल्ट्रा लाइट हॉवित्जर तोपों से फायरिंग की गई। सैनिकों ने एम777 हॉवित्जर से सामने स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे लक्ष्यों को डायरेक्ट फायरिंग पद्धति से निशाना बनाया। इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की सेनाओं के बीच समन्वय, संचालन क्षमता और युद्धक कौशल को मजबूत करना है। इस बीच भारतीय सेना ने 'हर पल सतर्क। हर समय तैयार।' का अपना संदेश दोहराया है।

**युद्ध के लिए तैयार रहने की क्षमता का प्रदर्शन**

### क्षमता का प्रदर्शन

सेना जय से विजय मिशन पर काम कर रही है। भारतीय सेना के मुताबिक राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज एम777 की तोप टुकड़ियों ने बेहद सटीक निशाना साधा। सभी निर्धारित लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया। इस दौरान जवानों ने अपनी पेशेवर दक्षता, सटीकता और युद्ध के लिए तैयार रहने की क्षमता का प्रदर्शन किया।

---

**ब्रीफ न्यूज**

### एलपीजी सिलेंडर के लिए आधार सत्यापन जरूरी



**नई दिल्ली।** घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर सब्सिडी का लाभ लेने के लिए 1 अक्टूबर से आधार बायोमीट्रिक सत्यापन जरूरी होगा। सरकार का उद्देश्य फर्जी और डुप्लीकेट कनेक्शनों पर रोक लगाकर सब्सिडी का लाभ पात्र उपभोक्ताओं तक पहुंचाना है। 19 सितंबर तक 27.43 करोड़ सक्रिय घरेलू एलपीजी ग्राहकों का आधार सत्यापन पूरा हो चुका है। सरकार ने पहले 30 जून तक सत्यापन की समयसीमा तय की थी, जिसे बढ़ाकर 14 सितंबर किया गया था। सत्यापन नहीं कराने वाले ग्राहकों को सिलेंडर मिलेगा, लेकिन सब्सिडी का लाभ नहीं मिलेगा।

### वीडियो बनाकर डार्क वेब पर बेचता था तांत्रिक



**चेन्नई।** तमिलनाडु के सेलम में पुलिस ने महिलाओं और नाबालिग लड़कियों का कथित यौन शोषण कर उनके वीडियो ऑनलाइन बेचने के आरोप में तांत्रिक विजयराजा (50) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक वह वाझापाड़ी के पास 'शनीश्वर' नाम से तंत्र-मंत्र केंद्र चलाता था। पूजा-पाठ के बहाने वह हिडन कैमरों से महिलाओं और लड़कियों के वीडियो रिकॉर्ड करता था। आरोपी कुछ महिलाओं को प्रसाद के रूप में नशीला पदार्थ मिला पानी या खाद्य पदार्थ देकर बेहोशी की हालत में उनके वीडियो बनाता था। आरोपी के लैपटॉप से 50 से ज्यादा वीडियो मिले हैं। मामला तब सामने आया, जब विनायक चतुर्थी के लिए चंदा लेने पहुंची एक स्कूली छात्रा से उसने कथित तौर पर छेड़छाड़ की कोशिश की। छात्रा ने परिजनों को जानकारी दी।

**» अंदर विशेष**

▪ **खेजड़ली में पर्यावरण मेला आज, रक्तदान कर शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि**

...पढ़े पेज 2 पर

▪ **दादा रहे थे DSP, 44 साल बाद उसी पद पर पोते की तैनाती**

...पढ़े पेज 4 पर

पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने एक किताब का जिक्र कर पं. नेहरू के बयान का हवाला दिया

# अंसारी बोले-असली खतरा हिंदू दक्षिणपंथ भाजपा बोली-बांटने की राजनीति नहीं चलेगी


- भाजपा ने कहा कि बंटवारे के बाद भारत ने खुद को धर्मनिरपेक्ष देश के तौर पर आगे बढ़ाया। समाज में दूरी पैदा करने की कोशिश करने वालों की राजनीति सफल नहीं होगी

**नई दिल्ली**

पूर्व उपराष्ट्रपति मोहम्मद हामिद अंसारी ने शनिवार को संविधान विशेषज्ञ, वरिष्ठ वकील और लेखक एजी नूरानी की याद में आयोजित कार्यक्रम में ऐसा बयान दिया है जिसके बाद सियासी बवाल खड़ा हो गया है। अंसारी ने नूरानी की किताब 'द आरएसएसः ए मीनेज टू इंडिया' का जिक्र करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के उस कथित बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के लिए असली खतरा कम्युनिज्म नहीं, बल्कि हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता है।

दरअसल, नई दिल्ली के इंडिया इस्लामिक कल्चरल सेंटर में आयोजित 'रिमेंबरिंग ए पॉलीमिथः द लाइफ एंड टाइम ऑफ अब्दुल गफूर इरानी' कार्यक्रम में बोलते हुए हामिद अंसारी ने एजी नूरानी के विचारों और लेखन को याद किया। उन्होंने कहा कि नूरानी की 2019 में प्रकाशित किताब की प्रस्तावना में ऐसे विचार दर्ज हैं, जो उनके मुताबिक आज भारत के कई मुसलमानों की भावना को दिखाते हैं।

**नेहरू ने कहा था-भारत के लिए असली खतरा कम्युनिज्म नहीं, बल्कि हिंदू दक्षिणपंथी सांप्रदायिकता**



हामिद अंसारी

» *एजी नूरानी की किताब 'द आरएसएसः ए मीनेज टू इंडिया' का जिक्र किया*

» *भाजपा व विहिप ने कहा कि अंसारी को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए*

**अंसारी ने और क्या कहा?**

### यह सोच चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में प्रस्तुत करती है

हामिद अंसारी ने राष्ट्रवाद, पहचान और भारत की राजनीतिक दिशा से जुड़े मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में ऐसे रुझान और प्रथाएं सामने आई हैं, जो नागरिक राष्ट्रवाद (सिविक नेशनलिज्म) के स्थापित सिद्धांत को चुनौती देती हैं और उसकी जगह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की अवधारणा को आगे बढ़ाती हैं। अंसारी ने कहा कि यह सोच चुनावी बहुमत को धार्मिक बहुमत के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा।

**भाजपा का पलटवार**

### कांग्रेस की हिंदू विरोधी राजनीति बेपर्दा

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बयान कांग्रेस की हिंदू विरोधी राजनीति को बेपर्दा करती है। भाजपा ने राहुल गांधी के पुराने बयानों का भी जिक्र किया और आरोप लगाया कि इस तरह की टिप्पणियां कांग्रेस की सोच दर्शाती है।

### विहिप ने कहा- खतरा कट्टर सोच वाले लोगों से

विश्व हिंदू परिषद के प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि बहुसंख्यक हिंदू समाज को भारत के लिए खतरा बताने से पहले अपने सार्वजनिक जीवन को भी देखना चाहिए। बंसल ने कहा कि देश ने अंसारी को पद, सम्मान और अवसर दिए। उन्होंने पूछा कि बहुसंख्यक हिंदू समाज को देश के लिए खतरा बताना किस आधार पर सही ठहराया जा सकता है। उनका कहना था कि असली चिंता उन कट्टर सोच वाले लोगों से है, जो समाज में बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक का फर्क बढ़ाते हैं। भाजपा नेता करुणासागर ने पूछा कि अगर मुद्दा कट्टरता का है तो वामपंथी उग्रवाद और इस्लामी आतंकवाद को लेकर भी उतनी ही स्पष्ट बात होनी चाहिए।



विनोद बंसल

## पहली बार रात 12 बजे तक हाईकोर्ट में सुनवाई, पार्षदों की गिरफ्तारी पर रोक

**10 पार्षदों ने दायर की थी याचिका, हनुमानगढ़ के निर्दलीय विधायक गिरफ्तार**

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

**जोधपुर।** प्रदेश के नगर निकायों में चुनाव के बाद सोमवार को मेयर-सभापति व अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होंगे। इससे पहले प्रदेश में जगह-जगह चुनाव में जीते पार्षदों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई को लेकर पार्षदों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। कोर्ट ने स्पेशल जज की कमेटी बनाकर रविवार रात 10 बजे से सुनवाई की। रात 12 बजे पार्षदों को गिरफ्तार करने पर रोक लगा दी। साथ ही पार्षदों को सोमवार को वोट देने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि हनुमानगढ़ के 9 और बीकानेर के 1 पार्षद ने याचिका दायर की। इसको लेकर रविवार रात 10 बजे से हाईकोर्ट जज नुपूर भाटी ने सुनवाई की। इधर, रविवार को हनुमानगढ़ के निर्दलीय विधायक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

## जोधपुर शहर में आंधी के साथ हुई बारिश, गर्मी और उमस से राहत



**जोधपुर।** शहर में रविवार को सुबह से हल्के बादल छाए रहे। इसके बाद शाम होते-होते मौसम में बदलाव आया। शाम करीब चार बजे से शहर में बूंदाबांदी शुरू हुई। इसके बाद शहर के कई इलाकों में आंधी के साथ बारिश हुई। इससे लोगों को उमस से राहत मिली। वहीं,मौसम विभाग के अनुसार, 20 से 25 सितंबर तक मौसम साफ रहने की संभावना है। हालांकि, इस दौरान बादल छाए रहेंगे।जिले में शनिवार को मौसम सामान्य रहा। अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.5 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रहा जो सामान्य से 0.2 डिग्री कम है। शुक्रवार को 6 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। मौसम विभाग के अनुसार 25 सितंबर तक बारिश की संभावना नहीं है।

### टाटा ट्रस्ट ने चंद्रशेखरन का कार्यकाल बढ़ाने को गैरकानूनी बताया

**नई दिल्ली।** टाटा ट्रस्ट ने एन. चंद्रशेखरन को दोबारा 5 साल के लिए टाटा संस का चेयरमैन बनाने के फैसले को गैरकानूनी बताया है। ट्रस्ट ने रविवार को बयान जारी कर कहा कि कंपनी के नियमों के मुताबिक चेयरमैन पद के लिए उनके दोनों प्रतिनिधियों की सहमति अनिवार्य है। टाटा संस में 66% हिस्सेदारी टाटा ट्रस्ट्स के पास ही है, इसलिए उसके इस विरोध का असर कंपनी के लीडरशिप फैसले पर पड़ सकता है। ट्रस्ट के नॉमिनी डायरेक्टर नोएल टाटा ने चंद्रशेखरन के खिलाफ वोट दिया तो सिर्फ बोर्ड के बाकी मेंबर्स के वोट से यह प्रस्ताव पास नहीं हो सकता।

## जोधपुर में लॉरेंस गैंग के दो शूटर गिरफ्तारः दोनों पर पंजाब में 5-5 लाख रुपए का इनाम, बिजनेसमैन था टारगेट पर

**दोनों शूटर्स को जोधपुर में हथियार, टारगेट की फोटो और लोकेशन मिलने वाली थी, एजीटीएफ ने पहले ही पकड़ा**

**जोधपुर।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स और जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस ने लॉरेंस और आरजू गैंग के दो शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। दोनों बदमाशों की पहचान जसकरण सिंह उर्फ करण उर्फ कट्टा (23) निवासी फाजिल्का (पंजाब) और राजिन्दर उर्फ बिल्ला (23) निवासी अबोहर (पंजाब) के रूप में हुई है। इन पर पंजाब पुलिस ने 5-5 लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। दोनों आरोपी डेढ़ साल पहले अबोहर में कपड़ा व्यापारी संजय वर्मा और फाजिल्का में साहिल सेन की हत्या करने के बाद नेपाल भाग गए थे। नेपाल में पुलिस का दबाव बढ़ने पर मध्य प्रदेश के रास्ते सिरोही होते हुए जोधपुर पहुंचे थे। जोधपुर में वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। यहां दोनों शूटर्स को टारगेट की फोटो, लोकेशन और हथियार उपलब्ध करवाये जाने थे, मगर एजीटीएफ ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया।



एडीजी दिनेश एम.एन. के निर्देशन और जोधपुर कमिश्नर अंशुमन भोमिया के सुपरविजन में हुई इस कार्रवाई में पुलिस टीम ने कैलाश नगर स्थित होटल सनसिटी इन के कमरा नंबर 204 में छापा मारकर दोनों को दबोच लिया। शुरुआत में आरोपियों ने नवीन जाखड़ और आशू चाबड़ा नाम से फर्जी पहचान बताकर पुलिस को गुमराह करने की कोशिश करते रहे। लेकिन कड़ाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने बदमाशों के पास से एक अवैध रिवॉल्वर, 83 ग्राम अफीम का दूध, 88100 रुपए नकद, फर्जी आधार कार्ड, मोबाइल फोन और संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए हैं।

### दोनों के खिलाफ पहले से कई मुकदमे दर्ज

गिरफ्तार राजिन्दर सिंह उर्फ बिल्ला के खिलाफ अबोहर, फाजिल्का और संगरूर में हत्या, हत्या के प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट और लूट के 8 मामले दर्ज हैं। वहीं जसकरण सिंह उर्फ करण के खिलाफ फाजिल्का और अबोहर में हत्या, बलवा, आपराधिक धमकी और लूट के 4 मामले दर्ज हैं।

### सतलाना समेत 3 जगह तकनीकी काम से 8 ट्रेनें प्रभावितः4 आंशिक रद्द

**जोधपुर।** सतलाना समेत 3 जगह तकनीकी कार्य के चलते रेलवे ने कई ट्रेनों का रूट चेंज किया है वहीं कई ट्रेनें परिवर्तित मार्ग से संचालित होंगी। इसके तहत 8 ट्रेनों प्रभावित होंगी।

जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के लूनी-समदड़ी-भीलड़ी रेललाइन पर सतलाना स्टेशन में ब्रिज संख्या 4 एवं सब-वे निर्माण कार्य के लिए ब्लॉक लिया जा रहा है। निर्माण कार्य के चलते यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों के संचालन में अस्थाई बदलाव किया गया है।

**भाजपा का कुनबा बढ़ा, निर्दलीय पार्षद पहुंची खेमे में, असली खेल आज, संख्या से ज्यादा भरोसे की परीक्षा**

# जोड़-तोड़ और अनुमानों पर आज लगेगा विराम, चुनेंगे अध्यक्ष

**थिंक राजस्थान • जोधपुर**

जिले की सबसे बड़ी नगरपालिका के अध्यक्ष पद के लिए आज होने वाले मतदान के साथ ही पिछले कई दिनों से चल रहे जोड़-तोड़, दावों और अनुमानों के दौर पर विराम लग जाएगा। चुनाव परिणामों के बाद से ही अध्यक्ष पद को लेकर कस्बे की सियासत गर्म है। कांग्रेस प्रत्याशी के चुनाव मैदान से हटने के बाद मुकाबला अब भाजपा प्रत्याशी महेंद्रसिंह पालावत और निर्दलीय प्रत्याशी तुलछाराम काग के बीच रह गया है। ऐसे में दोनों खेमों की ओर से अपने-अपने पक्ष में संख्या बल के दावे किए जाते रहे हैं। इसी बीच शनिवार को कांग्रेस समर्थित निर्दलीय प्रत्याशी के खेमे को बड़ा झटका लगा, जब निर्दलीय पार्षद मधु टाक अचानक भाजपा के खेमे में पहुंच गईं। इसके साथ ही भाजपा खेमे ने निर्दलीय सहित अपने समर्थन में 25 पार्षदों के होने का दावा किया है।

### निर्दलीय पार्षद पहुंची भाजपा खेमे में

मधु टाक के अचानक भाजपा खेमे में पहुंचने को लेकर शनिवार को दिनभर कस्बे में चर्चाओं का दौर चलता रहा। राजनीतिक जानकारों के अनुसार टाक की नाराजगी इस बात को लेकर थी कि भाजपा की ओर से उन्हें संभावित जिताऊ उम्मीदवार माना जा रहा था और जयपुर स्तर से भी उनके नाम को हरी झंडी मिलने की चर्चा थी,



लेकिन बाद में उन्हें टिकट नहीं दिया गया। उनकी नाराजगी दूर करने के लिए विधायक अर्जुन लाल गर्ग की टीम के सदस्य लगातार संपर्क में थे। वहीं सांसद पीपी चौधरी के समर्थकों ने भी उनसे संपर्क साधा। आखिरकार शनिवार को मधु टाक अपने परिजनों के साथ विधायक अर्जुन लाल गर्ग के पास पहुंचीं और



भाजपा खेमे में शामिल हो गईं।

### सेंध की आशंका को लेकर दोनों खेमे सतर्क

अध्यक्ष पद के चुनाव में एक ही समाज से महेंद्रसिंह पालावत और तुलछाराम काग के आमने-सामने होने के कारण चुनाव को लेकर चर्चाएं और भी तेज हैं। दोनों पक्ष अपने-अपने समर्थक पार्षदों को सुरक्षित रखने में जुटे हुए हैं। भाजपा खेमे में निर्दलीय पार्षद के शामिल होने के बाद अब 25 पार्षदों के समर्थन का दावा सामने आया है। अध्यक्ष पद पर जीत के लिए 21 मतों की आवश्यकता बताई जा रही है। कागज पर यह गणित भाजपा के पक्ष में दिखाई देता है, लेकिन अध्यक्ष चुनाव का अंतिम फैसला मतदान के समय ही होगा। यही वजह है कि संख्या बल के दावों के बावजूद दोनों खेमों की नजर एक-दूसरे के पार्षदों पर बनी हुई है। बाड़ेबंदी के बीच भी संभावित टूट-फूट और अंतिम समय में समर्थन बदलने की चर्चाएं सियासी गलियारों में तैर रही हैं।

### असली खेल अब संख्या का नहीं, भरोसे का

कस्बे के राजनीतिक जानकारों का कहना है कि अध्यक्ष चुनाव में केवल संख्या गिन लेना पर्याप्त नहीं है। एक पार्षद का रुख बदलना, किसी समर्थन का टूटना या मतदान से ठीक पहले लिया गया कोई फैसला पूरे समीकरण को बदल सकता है। इसीलिए आज होने वाले मतदान को लेकर दोनों खेमों में उत्सुकता के साथ-साथ बेचैनी भी बनी हुई है। अब तक बंद कमरों में चल रही बैठकों, बाड़ेबंदी और दावों के बाद आज मतपेटी ही तय करेगी कि बिलाड़ा नगरपालिका की कमान किसके हाथ जाएगी।

## पाकिस्तानः इमरान खान की बहन अलीमा लाहौर से गिरफ्तार

▪ **भाई की रिहाई के लिए प्रदर्शन करने वाली थीं**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान की बहन अलीमा को रविवार को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। वह इमरान की रिहाई की मांग को लेकर 27 सितंबर को होने वाले PTI के प्रदर्शन में शामिल होने वाली थीं।

इससे एक दिन पहले शनिवार को अडियाला जेल में इमरान खान का मेडिकल चेकअप किया गया था। जियो न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि PIMS के डॉक्टर की अगुआई में उनकी जांच हुई। इसमें ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल और आंखों की जांच की गई। 18 अगस्त को पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने इमरान को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल भेजने का आदेश दिया



था। हालांकि, उन्हें पाकिस्तान के बड़े सरकारी मेडिकल अस्पताल ले जाया गया। मेडिकल टेस्ट के बाद उन्हें वापस अडियाला जेल भेज दिया गया था। अलीमा खानुम की गिरफ्तारी से पहले इस्लामाबाद पुलिस चार PTI कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में ले चुकी है। डॉन के मुताबिक, पुलिस का कहना है कि इन लोगों को 27 सितंबर के प्रदर्शन की तैयारी से जुड़ी एक बैठक के बाद गिरफ्तार किया गया।

## गणपति बप्पा के रंग में रंगा बिलाड़ाः थाना अधिकारी सवाई सिंह सोढा ने भी लिया गणेश आरती में भाग

# गणेश महोत्सव को लेकर पांडालों में श्रद्धालुओं की उमड़ रही भीड़

▪ गणपति बप्पा के पांडाल में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित

थिंक राजस्थान • बिलाड़ा



बिलाड़ा शहर इन दिनों गणपति बप्पा के भक्ति में डूबा हुआ है और सुबह शाम गणेशजी की आरती,भजन कीर्तन और बप्पा के जयकारों से पुरा वातावरण गणेशजी की भक्ति में डूबा हुआ है, गणेश प्रतिमा पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

नागोरा के मोहल्ले में गणेश महोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं की पांडाल में अलसुबह से देर शाम तक दर्शनों के लिए भीड़ लगी रहती है। श्रद्धालुओं ने भगवान गणपति को धोक लगाकर मन्नत मांगी और लड्डुओं का भोग लगाया और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा था,परिसर में चारों ओर भक्तिमय माहौल रहा। गणपति बप्पा के जयकारों से पूरा पांडाल गुंजायमान उठा।

पौराणिक मान्यता है कि गजानंद पांडाल में प्रथम पूज्य देव के वाहन मूषक के कान में मनोकामना

बताई जाए तो वह पूर्ण होती है। इसी आस्था के चलते भक्तजन मूषक के कान में मनोकामना बताते नजर आए।

नागोरा के बास में गणेशोत्सव के गणेश पंडाल में विराजमान ब्रह्मांडनायक के दर्शन को श्रद्धालुओं की कतार लगी रहती है। घर में पधारो गजाननजी म्हारे घर में पधारो... गणपति बप्पा मोरिया व जय गणेश, जय गणेश देवा की स्वर लहरियां गणेश पंडाल में गूंज रहीं हैं ,विशेष छवि व बड़े आकार वाली गजानन की प्रतिमाएं हर किसी के आकर्षण का केन्द्र है। शहर के नागोरा के बास में विराजमान गजानन की छवि देखने के बाद उन पर से नजर नहीं हट रही। गणेश मंडप के बाहर विराजमान बड़े गजानन की प्रतिमा देखते ही वहां से गुजरने वाला हर व्यक्ति शीश नवा रहा है। बिलाड़ा थानाअधिकारी सवाई सिंह सोढा व रणवीर सिंह उदावत सहित जनप्रतिनिधि ने नागोरा के बास में जाकर गणपति महाराज की विशेष पूजा अर्चना कर देश प्रदेश में खुशहाली की कामना की। गणेश पांडाल में कई जगह पर युवा व महिलाएं, डांडिया रास कर रहे हैं। गणेश पांडालों में शाम ढलते ही क्षेत्रवासी एकत्रित होते हैं। गणेश भक्त शाम को गजानन की आरती कर मोदक का भोग चढ़ाते है। इससे पहले सुबह मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए गणेश भगवान की विधि-विधान से वेदिक मंत्रीच्चारण के साथ पूजा करते हैं। कई जगह शाम को नृत्य कर गजानन का गुणगान कर रहे हैं। कंचन गोड़,मैना देवी,जया देवी, तारा देवी, मंजु नागोरा, भंवरी देवी, शांति देवी, संतोष देवी, सीतादेवी,रेखा, प्रियंका, लीला देवी, सहित महिलाओं ने भजन कीर्तन किया।

### रात्रि जागरण में बही भजनों की सरिता

गणेश महोत्सव के तत्वाधान में रात्रि में जागरण हुआ, जिसमें भजन गायकों ने 'मैं थाने सिवरू गजानंद देवा...' सहित कई भजन सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर किया। देर रात तक चले जागरण में काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। भजनों पर झूमते नजर आए। गणेश महोत्सव समिति के राकेश मुथा, दीपक कुमावत, दर्शन जेन, रमेश वैष्णव, प्रमोद पटेल, विशाल, नटवर सिंह भाटी,आशिष कटारिया, खुशवंत,पवन, विरेन्द्र पटेल सहित पदाधिकारी आयोजन में नित नए धार्मिक कार्यक्रम कर रहे हैं, गणपति महाराज के पांडाल में सुबह शाम श्रद्धालुओं की भीड़ रहती और पुजा अर्चना कर मंगल कामना करते हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### श्री लटियाल माता सेवा समितिः नई कार्यकारिणी गठित, रमणलाल अध्यक्ष

थिंक राजस्थान • जोधपुर

श्री लटियाल माता सेवा समिति के हुए चुनाव सभी निर्विरोध चुने गये !गत् माह श्री लटियाल माता सेवा समिति (रजि.) की साधारण सभा हुई ओर उसमें विचार विमर्श किया तत्पश्चात आज समिति की नयी कार्यकारिणी की घोषणा की गयी जिसमें सर्वसम्मति से संरक्षक परम श्रैद्दय संत तारा देवी जी व श्री मोहनलाल थानवी (भाऊ),




अध्यक्ष पद पर रमणलाल पुरोहित (दरबार), नरेंद्र शर्मा वरिष्ठ उपाध्यक्ष, ओमप्रकाश टरू उपाध्यक्ष,परमसुख पुरोहित सचिव,नरेश व्यास सह सचिव,ललीत थानवी कोषाध्यक्ष,रितेश कल्ला सह कोषाध्यक्ष,अंकित पुरोहित प्रचार मंत्री,कानूनी सलाहकार प्रकोष्ठ में जे. के. चांडा एडवोकेट व ऋषिराज थानवी एडवोकेट,प्रबंधक मंडल सदस्यों के लिए नटवरलाल रंगा, देवकीनन्दन बोहरा,सोहन जी मुंदडा,आसुलाल बोहरा, हरिशचंद्र गोयल,शेरसिंह खारवाल,महेश जांगिड,कंवरलाल ओझा,इंद्रलाल माथुर,परमेशवर प्रजापति,शांति प्रसाद व्यास,सुनील व्यास, निर्मल व्यास ब्रजेश गोयल, गौरव शर्मा,कमलेश ओझा,धीरज व्यास, ब्रह्म देव पुरोहित,मनीष पुरोहित,विनोद बोहरा (भाई)देवी दयाल बोहरा, तो महिला प्रकोष्ठ में श्रीमति इंदु माथुर अध्यक्ष,विमला व्यास उपाध्यक्ष,कंचन शर्मा सचिव,अर्पिता माथुर व राजकुमारी यादव सदस्य के लिए मनोनीत किये गये। परम श्रैद्दय संत तारा देवी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों को शुभकामनाएं प्रेषित की ओर माँ लटियाल का आशीर्वाद बना रहे उसके लिए माँ लटियाल से प्रार्थना की।

### उरमूल समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ बुनकर जयपाल का आकस्मिक निधन

थिंक राजस्थान • फलौदी

उरमूल मरूस्थली बुनकर विकास समिति फलोदी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ बुनकर माणकराम जयपाल (75) निवासी भोजासर का शनिवार को ह्दय घात से आकस्मिक निधन हो गया है। रविवार को मेघवाल समाज भोजासर के मोक्षधाम में उनके भाई सुरजनराम जयपाल, किसनाराम जयपाल, गैराराम जयपाल एवं पुत्र केवलराम



जयपाल, हुकमाराम, गंगाराम सहित अन्य परिजनों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में गमगीन माहौल में सामाजिक रिति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया गया। उल्लेखनीय है कि स्वयं सेवी संस्था उरमूल समिति फलोदी के अध्यक्ष रहे जयपाल स्वयं उच्च कोटी के वरिष्ठ बुनकर थे, पश्चिमी राजस्थान में उन्होंने बुनाई को बढावा देते हुए इस कला का संरक्षण एवं संवर्धन किया। जयपाल के आस्कमिक निधन पर सेवानिवृत्त चीफ कमिश्नर केआर मेघवाल, उरमूल समिति फलोदी के सीईओ रेंवताराम पंवार, रावतराम जयपाल, शिक्षाविद जगदीश जयपाल, रामचंद्र बारूपाल, मुरारीलाल थानवी, बाबूराम बिश्नोई, तोलाराम चौहान, मुरलीधर कटारिया, गोरधन जयपाल, भंवरलाल पंवार, अशोक कुमार मेघवाल, इशाराम चौहान, देवीलाल गंढेर, मूलचंद गंढेर, मोहनराम सहित अन्य कई गणमान्य नागरिकों ने दुख व्यक्त करते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

### एक शाम बाबा रामदेवजी व गौ माता के नाम भजन संध्या और मेला आज

थिंक राजस्थान • जैतारण

जैतारण के सरकारी उप जिला चिकित्सालय के समीप स्थित बाबा रामदेव के प्राचीन मंदिर पर एक शाम बाबा रामदेव गौ माता के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन रविवार रात्रि में हुई प्रशासन की ओर से आवागमन को माकूल बनाए रखने के लिए मेला स्थल के समीप आगमन को बंद रखा गया है आयोजन समिति के शिवसेना कमांडो फोर्स के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि भजन संध्या में कलाकार दिनेश गहलोत ब्यावर रेखा शर्मा उदयपुर गोपाल बंजारा पाली एक्टर डांसर सपना लगवाना नाडोल निकिता शर्मा जयपुर सहित एक से बढ़कर एक कलाकार अपनी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे मेला सोमवार को भरेगा मेला स्थल के आसपास सैकड़ो तरह की दुकान लगाई गई है आकर्षक झूले राम परिसर में लगाए गए हैं मान्यता है कि हजारों लोग सोमवार को दिन भर देर रात तक बाबा के दर्शन करने एवं बाबा की चौखट पर धोक लगाने पहुंचेंगे।

## वाल्मीकि शिक्षा वेलफेयर सोसायटीः शिक्षा को समाज के विकास की कुंजी बनाकर काम करेंगे, छात्रवृत्ति व शिक्षा सहायता कोष सहित 7 बिंदुओं पर निर्णय

### प्रदेश कार्यकारिणी की पहली बैठक में संगठन विस्तार, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी

थिंक राजस्थान • जोधपुर




**जोधपुर।** वाल्मीकि शिक्षा वेलफेयर सोसाइटी राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की प्रथम महत्वपूर्ण बैठक रविवार को किसान भवन, पावटा, जोधपुर में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम खींची की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेशभर से शिक्षक परिवारों से जुड़े पदाधिकारी, संभाग अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए। सभाध्यक्ष के रूप में निर्मल देसाई उपस्थित रहे। कोषाध्यक्ष विनोद चंदेलिया ने स्नेह मिलन समारोह का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया तथा संचालन प्रदेश सचिव राजेश पारोचिया ने किया।

बैठक में समाज में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने, विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के अवसर उपलब्ध कराने तथा संगठन को ब्लॉक, जिला एवं संभाग स्तर तक मजबूत करने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में निर्धारित सात एजेंडा बिंदुओं पर निर्णय लिए गए।

संभाग एवं जिला स्तर पर नई कार्यकारिणी के गठन और दायित्व निर्धारण, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थानों से एमओयू कर जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क अथवा रियायती कोचिंग, टेस्ट सीरीज और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। इसके साथ ही शिक्षा, रोजगार एवं करियर मार्गदर्शन से जुड़े कार्यक्रमों का वार्षिक कैलेंडर तैयार करने का निर्णय लिया गया। बैठक में शिक्षा सहायता कोष को मजबूत करने, स्वैच्छिक फंड संग्रह एवं पारदर्शी वित्तीय व्यवस्था, मेधावी विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा सम्मान, छात्रवृत्ति एवं प्रोत्साहन राशि की योजना बनाने पर भी चर्चा हुई। वहीं सदस्यता अभियान, प्रचार-प्रसार तथा सरकारी कर्मचारियों, भामाशाहों एवं प्रबुद्धजनों के सहयोग से संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया गया। आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां भी सौंपी गईं। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम खींची ने कहा कि "शिक्षा ही समाज के विकास की असली कुंजी है। हमारा लक्ष्य है कि समाज का कोई भी बच्चा संसाधनों के अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे।" बैठक में आगामी दिनों में शिक्षा एवं समाजहित से जुड़े कार्यों को व्यापक स्तर पर संचालित करने का संकल्प लिया गया।

## खेजड़ली में आज भरेगा पर्यावरण मेला, रक्तदान कर शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि

थिंक राजस्थान • जोधपुर

खेजड़ली शहीदी स्थल पर पर्यावरण संगोष्ठी, संत मंडली व गायणाचार्य द्वारा सुबह से भजन संध्या व पर्यावरण प्रेमी 363 शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी। खेजड़ली राष्ट्रीय पर्यावरण संस्थान के अध्यक्ष मलखान सिंह बिश्नोई ने बताया है कि 21 सितम्बर को प्रातः 8 बजे से रुड़कली महन्त श्री शिवदास व खेजड़ली महन्त एवं लालासर साथरी महन्त कथावाचक स्वामी सच्चिदानन्द आचार्य सहित संतों के सानिध्य में गुरु जम्भेश्वर शब्दवाणी व वैदिक मंत्रोच्चार से हवन किया जायेगा। घी खोपरा व हवन सामग्री से मेले में पुरे दिन हजारों लोग आहुतियां देकर अपने प्रकृति रक्षार्थ 363 अमर बलिदानियों को याद करेंगे और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहरायेंगे। करीब 9 बजे समाज के जनप्रतिनिधियों द्वारा शहीदी स्थल पर भगवा ध्वज से ध्वजारोहण कर मेले की विधिवत शुरुआत की जायेगी। पर्यावरण सभा होगी, जहां पर्यावरण व वन्यजीव संरक्षण के साथ सामाजिक व शिक्षा क्षेत्र में सक्रिय लोगों को सम्मानित भी किया जायेगा। केन्द्र व राजस्थान सरकार के जनप्रतिनिधियों को मेले में आमन्त्रित किया गया है। बिश्नोई टाईगर्स वन्य एवं पर्यावरण संस्थान बिश्नोई टाईगर फोर्स के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल भवाद ने बताया कि हरे वृक्ष रक्षार्थ 363 अमर शहीदों की याद में पर्यावरण प्रेमियों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें सैंकड़ों लोगों द्वारा रक्तदान करके हरियालौ राजस्थान के तहत पौधारोपण किया जायेगा। इस संबंध में बिश्नोई टाईगर फोर्स संस्थान के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष रामपाल भवाद, उपाध्यक्ष रामनिवास धोरू, प्रदेश संगठन मंत्री उदाराम गोदारा, महासचिव बलवीर सिंह बाबल, प्रदेश सचिव लिखमाराम लोहमरोड़, प्रवक्ता सुरज प्रकाश सारण, हिम्मताराम भादू, भजन हिंगोली,भरत खेड़ी, ओमप्रकाश खोत, रामसुख बोला, इंद्रजीत गीला, फरसाराम सोऊ, प्यारेलाल लाम्बा, हीराराम, पूर्व सरपंच रामूराम कांवा, सागर बेनीवाल, घेवरराम गोदारा, राजुराम फौजी इत्यादि कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

## चेयरमैन का चुनाव लड़ रहे कांग्रेस-पार्षद की गिरफ्तारी पर रोक

**जोधपुर।** नागौर जिले की कुचेरा नगर पालिका के चेयरमैन पद के चुनाव से ठीक पहले वार्ड-21 से निर्वाचित कांग्रेस पार्षद तेजपाल मिर्धा की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। एसीबी ने 8 साल पुरानी शिकायत के आधार पर तेजपाल मिर्धा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मिर्धा ने हाल ही में चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल किया था। मामले में राजस्थान हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाते हुए अंतरिम राहत दी है। मामले की अगली सुनवाई 5 अक्टूबर को होगी। जस्टिस कुलदीप माथुर की एकलपीठ ने एसीबी जयपुर के अधिकारियों को अगली सुनवाई तक मिर्धा को FIR संख्या 0268/2026 में गिरफ्तार नहीं करने के निर्देश दिए हैं।

## पालीः महापौर व अध्यक्ष पद के लिए आज होगा मतदान

### उप महापौर व उपाध्यक्ष पद के चुनाव कल

थिंक राजस्थान • पाली

**पाली।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिले के नगरीय निकायों में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। जिले में नगर निकायों में निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संबंधित नगरीय निकाय पाली में महापौर व नगर पालिका सोजत रोड, मारवाड़ जंक्शन, रानी खुर्द, सोजत सिटी, सादड़ी , खुडाला फालना ,सुमेरपुर व तखतगढ़ में संबंधित नगर निकायों के मुख्यालय पर 21 सितम्बर सोमवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक अध्यक्ष पद के लिए होगा मतदान तथा मतदान के पश्चात मतगणना एवं परिणाम की घोषणा की जाएगी। पाली नगर निगम चुनाव में भाजपा व कांग्रेस पार्टी के 1-1 उम्मीदवार सहित 1 निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में है। वहीं 22 सितम्बर को प्रातः 10 बजे से उप महापौर व उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न करवाई जाएगी साथ ही परिणामों की घोषणा भी कर दी जाएगी। जिले में बाली में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है। इन नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए मतदान नहीं होगा। शेष संबंधित नगरीय निकायों में निर्धारित कार्यक्रमानुसार निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी।

### 120 दिन से चल रहे सफाई अभियान में 2000 से अधिक श्रमवीरों ने दिया योगदान

## दशहरा मैदान में कृत्रिम तालाब तैयार, कायलाना झील बचाने की अपील

थिंक राजस्थान • जोधपुर



पर्यावरण संरक्षण और गणेश विसर्जन को लेकर दशहरा मैदान, 16 सेक्टर हाउसिंग बोर्ड में इस वर्ष भी कृत्रिम तालाब तैयार किया गया है। नगर निगम जोधपुर के सहयोग तथा विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी से तैयार किए गए इस कृत्रिम तालाब का उद्देश्य प्राकृतिक जल स्रोतों को प्रदूषण से बचाना और श्रद्धालुओं को पर्यावरण अनुकूल विसर्जन की सुविधा उपलब्ध कराना है।

अभियान का नेतृत्व पर्यावरण प्रेमी एवं नगर निगम जोधपुर के ब्रांड एंबेसडर पंडित जीवराज श्रीमाली कर रहे हैं। समिति ने शहरवासियों से अपील की है कि गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए कायलाना झील सहित प्राकृतिक जल स्रोतों का उपयोग न करें और कृत्रिम तालाब में ही विसर्जन करें। समिति के अनुसार कायलाना झील की स्वच्छता को लेकर पिछले करीब 120 दिनों से लगातार सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में अब तक 2000 से अधिक स्वयंसेवकों ने श्रमदान किया है। सफाई के दौरान बड़ी मात्रा में प्लास्टिक, थैलियां, कपड़े और अन्य सामग्री झील से निकाली गई है। पंडित जीवराज श्रीमाली ने बताया कि पिछले करीब 10 वर्षों से गुरु के तालाब की सफाई एवं कायाकल्प के कार्य से जुड़े अनुभव का उपयोग कायलाना झील को स्वच्छ रखने के अभियान में किया जा रहा है। समिति का कहना है कि श्रद्धालु अक्सर गणेश प्रतिमाओं के साथ वस्त्र, चुनरी और प्लास्टिक से बनी सजावटी सामग्री भी जल में प्रवाहित कर देते हैं, जिससे जल स्रोतों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। समिति ने श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि प्रतिमाओं के वस्त्र, चुनरी और प्लास्टिक सामग्री को जल स्रोतों में न डालें, बल्कि विसर्जन स्थल पर टीम को सौंप दें। समिति के अनुसार इन सामग्रियों को रीसाइक्लिंग और रीयूज के लिए अलग किया जाएगा।

समिति ने यह भी अपील की है कि लोग मिट्टी की गणेश प्रतिमाओं को प्राथमिकता दें। वहीं, समिति ने कहा है कि श्रद्धालु अपने पास मौजूद POP अथवा केमिकल रंगों वाली प्रतिमाएं भी कृत्रिम विसर्जन स्थल पर ला सकते हैं। समिति के अनुसार ऐसी प्रतिमाओं को भी सम्मानपूर्वक स्वीकार कर विसर्जन के बाद रीसाइक्लिंग एवं रीयूज के लिए भेजने की व्यवस्था की जाएगी। समिति ने एक वैकल्पिक पर्यावरण हितैषी परंपरा अपनाने का संदेश भी दिया है। इसके तहत लोगों से आग्रह किया गया है कि नई प्रतिमा लाने के बजाय घर में स्थापित स्थायी गणेश जी को ही पाट पर विराजमान कर 3, 7 या 10 दिन पूजा-अर्चना के बाद पुनः घर में स्थापित किया जा सकता है और विसर्जन से बचा जा सकता है। इस अभियान में नगर निगम जोधपुर, उत्थान ग्रुप फाउंडेशन, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, ग्रीन एनवायरमेंट सोसाइटी जोधपुर, रॉबिनहुड आर्मी, महादेव व्यायामशाला तथा नंदनवन मयूर सेवा समिति सहित विभिन्न संस्थाएं सहयोग कर रही हैं। समिति ने अगले वर्ष और व्यापक स्तर पर जागरूकता एवं व्यवस्थित विसर्जन व्यवस्था करने की बात कही है।

# श्री क्षत्रिय युवक संघ का चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ



थिंक राजस्थान • सिरोही

**सिरोही।** मानगढ़-मंडवाड़ा के निकट स्थित करणेश्वर जी महादेव मंदिर परिसर में श्री क्षत्रिय युवक संघ का चार दिवसीय प्राथमिक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ कल शाम 5 बजे हुआ। शिविर प्रभारी नाहर सिंह जाखड़ी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि शिविर का उद्देश्य व्यक्ति के भीतर व्याप्त बुराइयों को दूर कर गीता में वर्णित सद्गुणों का अर्जन करना है। उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर 1946 को पूज्य तनसिंह जी रामदेरिया द्वारा श्री क्षत्रिय युवक संघ की स्थापना की गई थी और उसी समय से ऐसे प्रशिक्षण शिविरों की परंपरा निरंतर चली आ रही है। शिविर में धर्म, कर्म, कर्तव्य और संस्कारों के माध्यम से युवाओं को जीवन मूल्यों का अभ्यास कराया जा रहा है। प्रांत प्रमुख अमर सिंह चांदना ने बताया कि शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत सुबह 4:30 बजे जागरण गीत से हुई। इसके बाद खेल, चर्चा एवं लक्ष्य विषय पर बौद्धिक सत्र आयोजित किए गए। शिविर में मानगढ़, मांड़ानी, नारादरा, सवली, बारेवड़ा, भूतगांव, मनोरा, भेव सहित आसपास के गांवों से करीब 120 युवा, व्यापारी एवं अध्यापक भाग ले रहे हैं। स्थानीय समाजबंधु भी शिविर के संचालन में सहयोग कर रहे हैं। शिविर 6 सितंबर तक चलेगा। शिविर में अनुशासन और व्यवस्था के लिए 24 घंटे पहरे की व्यवस्था भी रखी गई है।

**ब्रीफ न्यूज**

## शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते छह पदक, दो का SGFI में चयन



थिंक राजस्थान • सरदारशहर

**सरदारशहर।** साहिबाबाद में 37वीं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप 2026 में श्री श्याम स्पोर्ट्स शूटिंग अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छह पदक हासिल किए। 10-11 सितंबर को आयोजित प्रतियोगिता में अकादमी के सात खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। दिव्या राजपुरोहित ने अंडर-19 बालिका एयर पिस्टल में स्वर्ण पदक जीतकर SGFI के लिए क्वालीफाई किया। वहीं मुकुंद सोनी ने अंडर-14 बालक एयर पिस्टल व्यक्तिगत एवं टीम स्पर्धा में दो रजत पदक जीतकर SGFI में स्थान बनाया। जितेंद्र स्वामी ने रजत, जबकि जयश्री कंवर और ज्योति ने कांस्य पदक हासिल किए। अकादमी के कोच प्रदीपसिंह राठौड़ ने खिलाड़ियों को बधाई दी। अकादमी निदेशक एवं पूर्व आर्मी सूबेदार रतनसिंह, व्यवस्थापक प्रशांतसिंह और अभिभावकों ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

## ई-मित्र में चोरी: ग्राइंडर से काटा ताला, CCTV में कैद हुई पूरी वारदात

थिंक राजस्थान • सरदारशहर

**सरदारशहर।** इमामबाड़ा क्षेत्र में एक ई-मित्र केंद्र में चोरी की वारदात सामने आई है। वार्ड नंबर 40 निवासी सोहेल लुहार के केंद्र को निशाना बनाया गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना का CCTV फुटेज भी सामने आया है, जिसमें एक संदिग्ध वारदात करता नजर आ रहा है। जानकारी के अनुसार, संदिग्ध ने केंद्र के बाहर लगे बिजली मीटर से तार डालकर ग्राइंडर मशीन की मदद से ताला तोड़ा। इसके बाद अंदर घुसकर कथित रूप से 45,900 रुपए नकद सहित अन्य राशि लेकर फरार हो गया। CCTV फुटेज में एक व्यक्ति पीले रंग का सलवार-कुर्ता पहने और चेहरे पर कपड़ा बांधे दिखाई दे रहा है। पुलिस फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान के प्रयास कर रही है। बताया गया कि पड़ोसी साबिर ने ई-मित्र केंद्र का टूटा ताला देखा और घटना की सूचना दी। पुलिस ने मौके का जायजा लेने के साथ आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज भी खंगालना शुरू कर दिया है। चोरी हुई रकम और अन्य सामान की पूरी जानकारी जांच के बाद स्पष्ट होगी।

## रामसिंहपुरा से खाटू धाम के लिए 22वीं विशाल पदयात्रा रवाना

थिंक राजस्थान • दूदू

श्री श्याम मित्र मंडल रामसिंहपुरा-नयाबास की तरफ से रविवार को बाबा श्याम की 22वीं विशाल पदयात्रा खाटू धाम के लिए शुरू हुई। ये यात्रा गाजे-बाजे और भक्तिमय माहौल के बीच रवाना हुई। यात्रा शुरू होने से पहले पंडितों ने वैदिक मंत्रों के साथ बाबा श्याम का विशेष पूजन और आरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने 'जय श्री श्याम' और 'हाथों में निशान, मुख पर बाबा का नाम' के जयकारे लगाए। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु रंग-बिरंगे निशान लेकर भजनों पर नाचते-गाते पदयात्रा में शामिल हुए। इससे पूरा माहौल श्याममय हो गया। पदयात्रा के रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों और भामाशाहों ने फूल बरसाकर पदयात्रियों का स्वागत किया। श्रद्धालुओं के लिए जलपान और हल्के नाश्ते का इंतजाम भी किया गया। मंडल के पदाधिकारियों बोदू यादव, भगचंद यादव और सोनू यादव ने बताया कि पदयात्रा अलग-अलग रास्तों से होते हुए खाटू धाम पहुंचेगी। वहां श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शन कर देश-प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि की कामना करेंगे।

## श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन की कार्यशाला संपन्न

थिंक राजस्थान • सिरोही

श्री क्षत्रिय युवक संघ के आनुषंगिक संगठन श्री क्षात्र पुरुषार्थ फाउंडेशन की एक दिवसीय कार्यशाला आज सिरोही में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम में संघ के केंद्रीय कार्यकारी रेवंत सिंह पाटोदा ने वर्तमान में समाज की विभिन्न आवश्यकताओं और उन आवश्यकताओं को पूरा करने में समाज का प्रत्येक घटक किस प्रकार से उपयोगी हो सकता है इस बारें में विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न दलो के प्रतिनिधि एवम सामाजिक प्रतिनिधि सहित उपस्थित संभागियों ने भी विभिन्न सामाजिक विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए।



## भोपा समाज की पारिवारिक बैठक में विवादों का हुआ निस्तारण, पुलिस ने किया सम्मानित



थिंक राजस्थान • चूरू

जिला पुलिस चूरू और महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में पारिवारिक बैठकों के माध्यम से आपसी मतभेद और पारिवारिक विवादों के समाधान की पहल की जा रही है। इसी क्रम में थाना स्तर पर भोपा समाज के लोगों की पारिवारिक बैठक आयोजित कर एक पारिवारिक विवाद का निस्तारण कराया गया। विवाद के समाधान में सहयोग के लिए पुलिस अधीक्षक निश्चय प्रसाद एम ने भोपा समाज के लोगों को सम्मानित किया।

पुलिस जन संवाद के दौरान नेपाली समाज की महिलाओं को महिला एवं बालिका सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। महिलाओं को राजकोप एप, महिला बीट अधिकारी योजना, कालिका पेट्रोलिंग, वरिष्ठ जन संबल योजना, साइबर सुरक्षा, महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण, नए कानून और वन स्टॉप सेंटर जैसी व्यवस्थाओं के बारे में बताया गया। सुरक्षा सखी और साथिनों के साथ बैठक कर महिला हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन, घरेलू हिंसा, छेड़छाड़ और महिलाओं से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई। थाना अधिकारी कुसुमलता ने महिलाओं से कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में 112, 181, 1090 या नजदीकी थाने से संपर्क करें। पुलिस ने आमजन से आपराधिक गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। पुलिस के अनुसार सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## बिजनेस के नाम पर 35 लाख की ठगी

**जयपुर।** जयपुर में हॉस्पिटैलिटी बिजनेस में 50 प्रतिशत पार्टनर बनाने का झांसा देकर 35 लाख रुपए ऐंठ लिए। आरोप है कि आरोपी ने निवेश के बदले प्रॉफिट देने का लालच दिया और भरोसा कायम कर दो साल तक रकम लेते रहे। पीड़ित ने जब वापस रकम मांगी तो जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसके बाद में हिस्सेदारी और मुनाफा नहीं मिलने पर पीड़ित ने श्यामनगर थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हेड कॉन्स्टेबल कैलाश चंद कुमावत ने बताया कि श्याम नगर के बाहुबली पथ निवासी उदित गौर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में अनिल कॉल, आभा, आदित्य, अरुण और दीक्ष सहित अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि साल-2021 में आरोपियों से बिजनेस के संबंध में उनकी बातचीत हुई थी। एक.के. हॉस्पिटैलिटी नामक बिजनेस में उसे इनवेस्ट करने का झांसा दिया।

## सरदारशहर में भाजपा के बीच मतभेद खत्म होने के संकेत, राकेश टाक के साथ दिखे हंसराज सिद्ध



थिंक राजस्थान • सरदारशहर

नगर परिषद सभापति चुनाव से पहले सरदारशहर भाजपा में चल रही खींचतान के बीच अब एकजुटता के संकेत नजर आए हैं। राकेश टाक के साथ हंसराज सिद्ध की मौजूदगी ने स्थानीय राजनीतिक चर्चाओं को नया मोड़ दिया है। दोनों के साथ नजर आने को भाजपा बोर्ड के गठन के लिए साथ आने के संकेत के तौर पर देखा जा रहा है। इस दौरान राजेंद्र राठौड़ भी मौजूद रहे। सभापति चुनाव को लेकर भाजपा के 25 पार्षदों के साथ चार निर्दलीयों के समर्थन का दावा है, जिससे संख्या 29 तक पहुंचती है। 55 सदस्यीय परिषद में बहुमत का आंकड़ा 28 है।

राकेश टाक और हंसराज सिद्ध के साथ पूर्व सभापति राजकरण चौधरी व पूर्व विधायक अशोक पिचा सहित अन्य भाजपा समर्थक भी नजर आए। इस तस्वीर को पार्टी के भीतर मतभेद पीछे छोड़कर बोर्ड गठन के लिए एकजुट होने के संकेत के रूप में देखा जा रहा है। हालांकि अंतिम रूप से पार्षद किसके पक्ष में मतदान करते हैं, यह 21 सितंबर के सभापति चुनाव में ही स्पष्ट होगा। सरदारशहर में सभापति पद के लिए भाजपा की अनीता वर्मा, कांग्रेस की मोनिका सैनी और तीन निर्दलीय प्रत्याशी मैदान में हैं। अब सभी की नजर 21 सितंबर के मतदान पर है, जहां पार्षदों के वास्तविक रुख से सियासी समीकरण स्पष्ट होंगे।

**भाजपा एमएलए की पत्नी ने बाड़ेबंदी में बनाया दाल-बाटी-चूरमा**

## सर्च वारंट लेकर बाड़ाबंदी में पहुंची पुलिस: परिजनों को पार्षद से मिलाया







थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान के पांच नगर निगम सहित 273 निकायों में सोमवार को मेयर, चेयरमैन और अध्यक्ष के लिए वोटिंग होगी। वहीं, 2 नगर निगम समेत 32 निकायों में निर्विरोध मेयर-चेयरमैन बन चुके हैं। जयपुर, जोधपुर व कोटा नगर निगम और सुकेत नगर पालिका में 25 सितंबर को मतदान होगा। बीजेपी-कांग्रेस ने अपने पार्षदों की बाड़ेबंदी कर रखी है।

सीकर जिले के नेछवा थाना क्षेत्र में एक होटल में लोसल नगर पालिका के कांग्रेस पार्षद बाड़ाबंदी है। रविवार को पुलिस सर्च वारंट के साथ होटल पहुंची और परिवार के 3 लोगों को साथ ले जाकर पार्षद से बात की। इसके बाद परिजन संतुष्ट होकर चले गए। परिजनों ने लोसल थाने में पार्षद से संपर्क नहीं होने की शिकायत दी थी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनीता गठाला ने आरोप लगाया कि सुबह करीब 10 बजे 25-30 गाड़ियों में भाजपा के करीब 150-200 लोग आए। इनमें लोसल के वार्ड-26 से भाजपा प्रत्याशी रहे रामेश्वर भी शामिल थे। ये लोग कांग्रेस के जीते हुए पार्षदों को लेने के लिए पहुंचे थे।

राजसमंद की आमेट नगर पालिका में बीजेपी के पार्षदों की बाड़ेबंदी में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ और उनकी पत्नी कृष्णा कंवर पहुंचे। विधायक की पत्नी ने पार्षदों के लिए दाल-बाटी-चूरमा बनाया। अध्यक्ष पद के प्रत्याशी दिनेश सरणोत भी खाना बनाने में मदद करते दिखे।

# मेहरासर चाचेरा में दादोसा उगम सिंह के जागरण में उमड़ी भीड़



थिंक राजस्थान • सरदारशहर

मेहरासर चाचेरा गांव में दादोसा उगम सिंह के जागरण का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और देर रात तक भजनों एवं धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं ने दादोसा उगम सिंह के दरबार में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए माहौल भक्तिमय बना रहा।

ब्रीफ न्यूज

## आहोर उपजिला अस्पताल में रक्तदान शिविर, 21 लोगों ने किया रक्तदान



थिंक राजस्थान • आहोर

'विकसित भारत–जन सेवा अभियान' के तहत उपजिला अस्पताल आहोर के मीटिंग हॉल में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में चिकित्सा कर्मियों, विभागीय कर्मचारियों, प्रशिक्षार्थियों सहित स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में कुल 21 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया, जिसमें 20 पुरुष एवं 1 महिला शामिल रहे। रक्तदान करने वाले लोगों ने जरूरतमंद मरीजों के जीवन को बचाने के उद्देश्य से अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी रोहित चौहान, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी शैलसिंह देवड़ा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूर्णमल मुनोत तथा नर्सिंग प्रभारी कैलाशचन्द्र वैष्णव सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है। रक्त की एक-एक बूंद किसी जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। शिविर के समापन पर रक्तदाताओं एवं सहयोगियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## ईयरफोन लगाकर पटरी क्रॉस कर रहे युवक की मौतः ट्रेन की चपेट में आया

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

**झुंझुनूं**। शहर में गुढ़ा फाटक के पास रविवार सुबह पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी में सामने आया कि युवक ने ईयरफोन लगा रखा था, जिसके कारण उसे ट्रेन आने की आवाज सुनाई नहीं दी और वह पटरियां पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसा सुबह करीब 8.15 बजे हुआ। पुलिस ने बताया- विकास उर्फ आशीष (24) पुत्र राजेंद्र प्रसाद, निवासी पशु अस्पताल के पीछे, रोड नंबर-3 वार्ड नं. 3 में रहता था। वह झुंझुनूं शहर में एक चश्मे की दुकान पर काम करता था।

## 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ शुभारंभ, क्रिकेट में मेजबान फलौदी ने 10 विकेट से दर्ज की जीत

थिंक राजस्थान • सरदारशहर



**फलोदी**। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी की मेजबानी में अंडर-17 और अंडर-19 ( छात्र/छात्रा )शतरंज, टेबल टेनिस और क्रिकेट प्रतियोगिताओं का आज शुभारंभ हुआ। संयोजक एवं प्रधानाचार्य मनमोहन पुरोहित ने बताया कि उद्घाटन समारोह में वेदज्ञ आचार्य महेंद्र पुरोहित ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना की।

शतरंज में कुल 45 विद्यालयों के 103 खिलाड़ी, टेबल टेनिस में 21 विद्यालयों के 78 खिलाड़ी, क्रिकेट में 30 विद्यालयों के 424 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। टेबल टेनिस में छात्र वर्ग में अशोक बिश्नोई, छात्रा वर्ग में किरण रंगा, शतरंज में नंद किशोर व्यास और शशि पुरोहित, क्रिकेट में विशंभर थानवी और विकाश वैष्णव को प्रभारी बनाया गया।अतिरिक्त जिला कलेक्टर फलोदी व मुख्य अतिथि प्रियंका तलानिया ने खेल को खेल की भावना और ईमानदारी से खेलने के लिए बच्चों को प्रेरित किया। स्थानीय विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। आज के उद्घाटन क्रिकेट मैच में मेजबान रा उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी की टीम ने बाल अकादमी खीचन को 10 विकेट से हराया इसके अलावा क्रिकेट में सरस्वती स्कूल ने पलीना को हराया। इसी तरह टेबल टेनिस में अंडर 17 छात्र वर्ग में टेडिकिडस विजेता रही तथा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी उप विजेता रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर फलोदी प्रियंका तलानिया विशिष्ट अतिथि उपखंड अधिकारी फलोदी पूजा चौधरी कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी सोहन राम बिश्नोई कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भीकम चंद सोनी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी फलोदी, प्रधानाचार्य किशोर कुमार बोहरा, मोखराम विश्नोई, देवेंदर थानवी, विनोद पुरोहित, ईश्वर सिंह, गोपाल देवड़ा, खेल प्रभारी राधेश्याम मेघवाल शारीरिक शिक्षक सुखराम बिश्नोई सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## बावड़ी बहुचर्चित गेनाराम हत्याकांड में 2 साल से फरार इनामी अपराधी खेड़ापा क्षेत्र से गिरफ्तार

### डीएसटी जोधपुर ग्रामीण की वांछित व इनामी अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई

थिंक राजस्थान • जोधपुर

पुलिस मुख्यालय द्वारा वांछित व ईनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू राज्यभर में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक पंकज के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामेश्वर कड़ेला के निकट सुपरविजन में डीएसटी प्रभारी शंकर कड़वा को वांछित व ईनामी अपराधियों को दस्तयाब करने के निर्देश दिये गये। जिस पर दिनांक 19 सितम्बर 2026



को डीएसटी के कानि0 पप्पूराम की आसूचना प्राप्त हुई कि ''वर्ष 2024 में कस्बा बावड़ी में हुवे बहुचर्चित गेनाराम हत्याकाण्ड में शामिल व 02 साल से फरार शातिर अपराधी सीताराम कस्बा बावड़ी की तरफ आ रहा हैं'' जिसपर डीएसटी ने त्वरित कार्यवाही करते हुवे बावड़ी-कास्टी रोड़ पर नाकाबंदी कर प्रकरण संख्या 218/2024 पुलिस थाना खेड़ापा में 02 साल से फरार 10,000 रूपये के ईनामी अपराधी सीताराम पुत्र पेमाराम जाति जाट निवासी किरमसरिया, पुलिस थाना मथानिया, जोधपुर आयुक्तालय को दस्तयाब कर अग्रिम अनुसंधान हेतु पुलिस थाना खेड़ापा को सुपुर्द किया गया।

**गिरफ्तार आरोपी**- सीताराम पुत्र पेमाराम जाति जाट निवासी किरमसरिया, पुलिस थाना मथानिया, जोधपुर आयुक्तालय।

**पुलिस टीम**- उक्त कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी शंकर कड़वा नि. पु, सउनि श्रवण कुमार भंवरिया, हैडकानि मदन मीणा, हरेन्द्र लोहरा, पप्पूराम (आसूचना) व अशोक भाटी की विशेष भूमिका रही।

## भीलवाड़ा में हार्टअटैक से ट्रक ड्राइवर की मौत, सड़क पर गिरा

थिंक राजस्थान • भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में ट्रक ड्राइवर की हार्ट अटैक से मौत हो गई। ट्रक ड्राइवर को अचानक सीने में दर्द हुआ तो दवाई लेने के लिए ट्रक को साइड में रोका और नीचे उतरा। ट्रक से नीचे उतरने के कुछ देर बाद ही वह बेहोश होकर सड़क पर गिर गया।

ड्राइवर के सड़क पर गिरने के बाद आसपास मौजूद लोगों ने उसको संभाला और मांडल उप जिला हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना मांडल थाना क्षेत्र में जयपुर-उदयपुर नेशनल हाईवे (NH-48) पर नानकपुरा गुरुद्वारे के पास की है। नानकपुरा पुलिस चौकी के कॉन्स्टेबल देवेंद्र सिंह ने बताया- कुलविंदर सिंह (55) पुत्र भजन सिंह निवासी फिलोर बुंडाला, जालंधर (पंजाब) ट्रक लेकर पुणे से लुधियाना जा रहे थे। रविवार को दोपहर करीब 3 बजे नानकपुरा के पास उनके सीने में दर्द होने लगा। इस पर उन्होंने ट्रक को साइड में खड़ा किया और गुरुद्वारे के सामने स्थित पवन मेडिकल की तरफ दवाई लेने जा रहे थे। ट्रक से उतरने के बाद थोड़ी देर बार ही बेहोश होकर सड़क पर गिर गए। मौजूद लोगों ने उनको संभाला और एंबुलेंस से मांडल उप जिला हॉस्पिटल भेजा, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

## शादी के 8 महीने बाद ससुराल में महिला की मौतः हत्या का आरोप

**बाड़मेर**। पति से झगड़े के बाद पत्नी ने सुसाइड कर लिया। महिला का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। पिता का आरोप है कि बेटी की आठ महीने पहले ही शादी की थी। ससुराल वाले दहेज के लिए मारपीट के दौरान सिर में चोट लगने से मौत हुई है। बॉडी पर चोट के निशान भी मिले हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

गुड्डी (19) के पिता रूगाराम पुत्र भीमाराम निवासी बड़नावा (पाटौदी, बालोतरा) ने रिपोर्ट में बताया कि उनकी बेटी की शादी 10 जनवरी 2026 को देवाराम (28) पुत्र राणाराम निवासी मातासर के साथ हुई थी। शादी के समय सोने, चांदी और अन्य घरेलू सामान दिया था। शादी के कुछ समय बाद जवाई देवाराम और देवर पप्पूराम आए दिन दहेज को लेकर गुड्डी को ताना मारते थे। उसे खाना-पीना भी नहीं देते थे।

जोधपुर जिले के गिलाकोर गांव निवासी राठौड़ परिवार का यादगार संयोग

## दादा रहे थे DSP, 44 साल बाद उसी पद पर पोते की तैनाती

थिंक राजस्थान • माउंटआबू

पर्यटन नगरी माउंट आबू में पुलिस उपाधीक्षक (DSP) जितेंद्र सिंह राठौड़ की पोस्टिंग एक खास पारिवारिक संयोग लेकर आई है। करीब 44 साल पहले उनके दादा रघुनाथ सिंह राठौड़ इसी पद पर माउंट आबू में सेवाएं दे चुके हैं। अब उसी पद और उसी शहर में पोते ने जिम्मेदारी संभाली है। जोधपुर जिले के गिलाकोर गांव निवासी राठौड़ परिवार के लिए यह महज एक प्रशासनिक नियुक्ति नहीं, बल्कि दो पीढ़ियों को जोड़ने वाला यादगार संयोग बन गया है।

### एक माह पहले संभाला कार्यभार

जितेंद्र सिंह राठौड़ ने करीब एक माह पहले माउंट आबू DSP का कार्यभार संभाला। संयोग से उनके दादा दिवंगत रघुनाथ सिंह राठौड़ वर्ष 1981-82 में माउंट आबू में DSP पद पर तैनात रहे थे। करीब 44 वर्ष बाद उसी पद पर पोते की तैनाती ने परिवार से जुड़ी पुरानी यादों को फिर से ताजा कर दिया।







### बदला शहर, बदली चुनौतियां... जिम्मेदारी वही

आज माउंट आबू देश-विदेश के पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण है। ऐसे में DSP के सामने कानून-व्यवस्था के साथ पर्यटकों की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था और स्थानीय लोगों के साथ पुलिस समन्वय जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। चार दशक से अधिक समय में माउंट आबू का स्वरूप और पुलिसिंग की चुनौतियां जरूर बदली हैं, लेकिन आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी आज भी वही है। दादा ने जहां वर्दी में जिम्मेदारी निभाई, 44 साल बाद उसी जगह पोते ने संभाली कमान—राठौड़ परिवार के लिए यह पदस्थापन एक यादगार संयोग बन गया है।

## मंगरोप पुलिस ने शराब पकड़ी, 6 आरोपी गिरफ्तार

**मंगरोप**। मंगरोप थाना पुलिस ने एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत कार्रवाई की है। पुलिस ने 2 लीटर अवैध हथकढ़ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, शांति भंग के मामलों में 5 लोगों को पकड़ा गया है।

थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि अभियान के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने को कई जगहों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान शांति भंग के अलग-अलग मामलों में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तीन स्थाई वारंटियों पर भी एक्शन लिया। मंगरोप निवासी शंभूलाल गाडरी, राजूलाल खटीक और रामेश्वरलाल सुथार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने बताया कि एरिया डोमिनेशन अभियान का मकसद इलाके में कानून-व्यवस्था मजबूत करना, फरार आरोपियों को पकड़ना और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना है। पुलिस की यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# बच्चों के भविष्य के लिए दौड़: 3, 5 और 10 किलोमीटर की रन में दिखा उत्साह







**थिंक राजस्थान • जयपुर**

रविवार की सुबह बॉम्बे हॉस्पिटल के बाहर का नजारा सामान्य अलग था। हाथों में रनिंग बिब, चेहरे पर उत्साह और म्यूजिक की धुन पर थिरकते कदमों के साथ हजारों लोग एक खास उद्देश्य के लिए जुटे। इंपैक्ट बियॉन्ड बॉर्डर्स फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्पेक्ट्रा रन फॉर ह्यूमैनिटी-10 में शहरवासियों ने फिटनेस के साथ सामाजिक सरोकार का संदेश दिया।

बॉम्बे हॉस्पिटल से शुरू हुई इस रन में युवाओं के साथ परिवार, बच्चे और बुजुर्ग भी उत्साह से शामिल हुए। रन शुरू होने से पहले प्रतिभागियों ने सामूहिक जुम्बा किया। संगीत की धुन पर प्रतिभागियों ने जमकर उत्साह दिखाया और इसके बाद अलग-अलग श्रेणियों में दौड़ शुरू हुई। आयोजन में 3, 5 और 10 किलोमीटर की रन रखी गई थी। 3 किलोमीटर की फन रन में बड़ी संख्या में परिवारों और नए रनर्स ने हिस्सा लिया, जबकि 5 और 10 किलोमीटर की टाइम्ड रन में प्रतिभागियों ने अपनी रफ्तार और फिटनेस का प्रदर्शन किया।

रन फॉर ह्यूमैनिटी के 10वें संस्करण में प्रतिभागियों ने दौड़ के जरिए यह संदेश दिया कि फिटनेस के लिए उठाया गया कदम किसी जरूरतमंद बच्चे के भविष्य को बेहतर बनाने में भी योगदान दे सकता है। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने की मुहिम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना रहा। रन के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कई प्रतिभागी पूरे परिवार के साथ पहुंचे तो युवाओं और बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दौड़ पूरी करने के बाद विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रन को अतिथियों ने फ्लैग ऑफ किया। इसके बाद प्रतिभागी निर्धारित मार्गों पर दौड़ते हुए आगे बढ़े। आयोजन में इंपैक्ट बियॉन्ड बॉर्डर्स फाउंडेशन से जुड़े बच्चों ने भी फन रन में हिस्सा लिया। उनकी भागीदारी ने आयोजन के सामाजिक उद्देश्य को और खास बना दिया और उन्होंने अपनी मौजूदगी से प्रतिभागियों के चेहरों पर मुस्कान ला दी। आयोजक अंकित जैन ने कहा- सुबह से ही लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोगों का एक उद्देश्य के लिए एक साथ आना इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। डॉ. वृजेश शाह ने कहा- जुम्बा से लेकर रन के अंतिम पड़ाव तक प्रतिभागियों में ऊर्जा बनी रही। फिटनेस के साथ सामाजिक उद्देश्य को जोड़ना इस आयोजन की खासियत रही।

## ब्रीफ न्यूज

### दशलक्षण महापर्व में अभिषेक, शांतिधारा और संगीतमय महाआरती हुई



**थिंक राजस्थान • दूदू**

दूदू में सकल दिगम्बर जैन समाज के दशलक्षण महापर्व में उत्तम शौच धर्म की आराधना की गई। श्रद्धालुओं ने आत्मशुद्धि, संतोष और लोभ-तृष्णा के त्याग का संदेश लिया। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह पंडित गौरव भैया की देखरेख में हुई। इसमें अभिषेक, शांतिधारा और विधान मंडल की पूजा की गई। पहला अभिषेक और शांतिधारा समाज अध्यक्ष पारसमल काला, अशोक कुमार काला और पवन कुमार काला परिवार ने की। शाम को महिला महासमिति की अध्यक्ष मनोरमा देवी और मंत्री शशि काला के नेतृत्व में संगीतमय महाआरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। इसमें समाज की महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। वक्ताओं ने बताया- उत्तम शौच धर्म का मतलब सिर्फ बाहरी सफाई नहीं है। इसका अर्थ लोभ, तृष्णा और परिग्रह जैसे अंदरूनी विकारों को छोड़कर आत्मा को साफ करना है। उन्होंने संतोष और निष्कांचनता को आत्म-कल्याण का आधार बताया और लोगों से इन्हें जीवन में अपनाने को कहा। सकल दिगम्बर जैन समाज के मंत्री पदमचंद सोगानी ने बताया कि दशलक्षण महापर्व में रोज अलग-अलग धार्मिक अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम हो रहे हैं।

### जयपुर में पड़ोसी ने 17-साल की नाबालिग से किया रेप: जान से मारने की धमकी

**थिंक राजस्थान • जयपुर**

जयपुर में पड़ोसी युवक के नाबालिग लड़की से रेप करने का मामला सामने आया है। परिजनों की गैर-मौजूदगी में जबरन आरोपी पड़ोसी घर में घुस आया। विरोध करने पर नाबालिग को डरा-धमकाकर उसके साथ दरिंदगी की। पुलिस ने नाबालिग पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी को अरेस्ट किया। और शनिवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेसी भेज दिया। थानाधिकारी ने बताया कि जयपुर की रहने वाली 17 साल की लड़की से 27 साल के पड़ोसी युवक ने रेप किया। घर के पास रहने के कारण आरोपी युवक से उसकी बातचीत थी। आरोप है कि 16 सितंबर को उसके परिजन किसी काम से बाहर गए थे। घर में नाबालिग के अकेला होने का पता चलने पर आरोपी पड़ोसी पहुंच गया। परिजनों की गैर-मौजूदगी में जबरन घर के अंदर घुसकर जबरदस्ती करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसको डरा-धमकाकर रेपप किया। इस बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। डरी-सहमी रहने के बाद परिजनों को नाबालिग पीड़िता ने आपबीती सुनाई। गुस्साएं परिजनों के साथ नाबालिग पीड़िता ने थाने जाकर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत FIR दर्ज की। और पीड़िता का मेडिकल करवाकर बयान दर्ज कर आरोपी पड़ोसी को गिरफ्तार कर लिया।

### नारायण सेवा संस्थान के सामूहिक विवाह में थामा एक-दूसरे का हाथ; गृहस्थी का पूरा सामान मिला

# दिव्यांगता को पीछे छोड़कर 50 जोड़ों ने शुरू की नई जिंदगी

**थिंक राजस्थान • उदयपुर**





किसी ने बैसाखी के सहारे जिंदगी की मुश्किलें पार कीं, तो किसी ने कृत्रिम पैर के सहारे चलना सीखा। उदयपुर के बड़ी स्थित रविवार को जब 'सेवा महातीर्थ' में 50 जोड़ों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर सात फेरे लिए, तो उनकी दिव्यांगता बहुत पीछे छूट गई। नारायण सेवा संस्थान के 47वें दिव्यांग और निर्धन सामूहिक विवाह समारोह में देश के अलग-अलग राज्यों से आए 100 वर-वधू शादी के बंधन में बंध गए। वैदिक मंत्रोच्चार और मंगल गीतों के बीच इन नवदंपतियों ने अपने नए जीवन की शुरुआत की। इस सामूहिक विवाह की सबसे भावुक बात यह रही कि कई दूल्हा-दुल्हन ऐसे थे, जिनका कभी इसी संस्थान में मुफ्त इलाज, ऑपरेशन या पुनर्वास हुआ था। इलाज के दौरान जो लोग कभी लाचार होकर यहां पहुंचे थे, वे रविवार को सज-धजकर दूल्हा-दुल्हन बने। वे मुस्कुराते हुए अपने जीवनसाथी के साथ नए सफर पर निकल पड़े।

संस्थान के अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि देश में करीब 2.61 करोड़ दिव्यांगजन हैं। उन्हें आज भी समाज में कई तरह के पूर्वाग्रहों का सामना करना पड़ता है। इस विवाह समारोह की खास बात यह भी रही कि कुछ जोड़ों में एक साथी दिव्यांग है तो दूसरा पूरी तरह सक्षम। उन्होंने सामाजिक सोच से ऊपर उठकर एक-दूसरे का साथ चुना है। संस्थान का मकसद दिव्यांगों को दया नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षित भविष्य देना है।

#### 22 सालों में 2,582 जोड़ों का घर बसाया

प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि पिछले 22 वर्षों में संस्थान के माध्यम से 2,582 दिव्यांग युवक-युवतियों के विवाह संपन्न कराए जा चुके हैं। यह केवल शादी का आयोजन नहीं है, बल्कि दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की एक बड़ी कोशिश है। दो दिवसीय इस समारोह में देश-विदेश से आए अतिथियों और संतों ने नवदंपतियों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर जोधपुर के स्वतंत्रता सेनानी परिवार की सुशीला परिहार को उनकी सेवा भावना के लिए सम्मानित किया गया। शादी के बाद नए जोड़ों को अपना घर बसाने के लिए जरूरी सामान भी दिया गया। समारोह में संस्थापक कैलाश मानव, सहसंस्थापिका कमला देवी अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, यश मेहता और पलक अग्रवाल भी मौजूद रहे।

## व्यापारी ने मूंग का भाव तय कर कम रुपए दिए: किसान ने शिकायत की

**थिंक राजस्थान • जयपुर**




दूदू के मौजमाबाद में एक किसान ने व्यापारी मनीष जैन पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। किसान का कहना है कि व्यापारी ने मूंग की फसल का भाव 6,900 रुपए प्रति क्विंटल तय किया था। लेकिन फसल दुकान पर रखवाने के बाद भुगतान के समय 6,800 रुपए प्रति क्विंटल देने लगा। किसान ने कम पैसे लेने से मना कर दिया। उसने दूदू के एएसपी और मंडी सचिव से शिकायत की है।

किसान ने शिकायत में बताया कि 15 सितंबर को वो अपनी मूंग की फसल बेचने गांधी चौक स्थित व्यापारी मनीष कुमार जैन के पास गए थे। फसल खरीदने से पहले व्यापारी ने मूंग का भाव 6,900 रुपए प्रति क्विंटल तय किया था। इसके बाद फसल की तुलाई हुई। उसे व्यापारी की दुकान पर रखवा दिया गया। किसान का आरोप है कि फसल दुकान पर रखवाने के बाद व्यापारी 6,800 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से पैसे देने लगा। किसान ने तय भाव 6,900 रुपए के हिसाब से भुगतान मांगा। लेकिन व्यापारी ने मना कर दिया। इसके बाद किसान ने पैसे नहीं लिए। किसान ने मांग की है कि व्यापारी के लाइसेंस और कृषि उपज खरीदने की वैध अनुमति की जांच हो। अगर आरोप सही पाए जाते हैं, तो नियमों के हिसाब से कार्रवाई की जाए और उसे तय भाव के अनुसार फसल का भुगतान दिलाया जाए। दूदू मंडी सचिव दिव्या सिंह ने बताया कि उन्हें इस मामले की शिकायत मिली है। आरोप सही पाए जाने पर व्यापारी के खिलाफ नियमों के हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

## राज्य सम्मेलन; गालव प्रदेशाध्यक्ष व कुम्भज प्रदेश महामंत्री बने

**सीकर**। राजस्थान मेडिकल एण्ड सेल्स रिप्रजेंटेटिव्ज यूनियन का 28वां राज्य सम्मेलन रविवार को सीकर में सम्पन्न हो गया। इसमें श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने का आह्वान हुआ। कई जिलों व इकाइयों से आए प्रतिनिधियों ने श्रम अधिकार, रोजगार व सामाजिक सुरक्षा, कार्य परिस्थितियों, दवा उद्योग के मुद्दों पर चर्चा की।

संगठन ने राकेश गालव को प्रदेशाध्यक्ष और जितेंद्र कुंभज को प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया। नई राज्य कार्यकारिणी का चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से हुआ। अनिल शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, भूपसिंह नरुका प्रदेश सचिव तथा गौरव शर्मा व बहादुर सिंह गुर्जर राज्य कार्यकारिणी सदस्य चुने गए। वेतन व प्रोत्साहन से जुड़ी समस्याओं पर मंथन किया : सम्मेलन में चारों लेबर कोड निरस्त करने, मेडिकल एवं सेल्स रिप्रजेंटेटिव्ज के रोजगार एवं सेवा-सुरक्षा सुनिश्चित करने, अधिकारों की रक्षा सहित विभिन्न प्रस्ताव पारित किए गए।

## डूंगरपुर: लग्जरी कार में भरी मिली 5 लाख रुपए की शराब

### NH-48 पर बरौठी के पास नाकेबंदी में पकड़ी, ड्राइवर हो गया फरार

**थिंक राजस्थान • डूंगरपुर**




डूंगरपुर जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई की है। आबकारी निरीक्षक राहुल शर्मा के नेतृत्व में टीम ने एनएच'48 पर बरौठी के पास अवैध शराब से भरी एक कार जब्त की। इस कार से करीब 5 लाख रुपए की अवैध शराब बरामद हुई है। हालांकि कार का ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

आबकारी निरीक्षक राहुल शर्मा ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी। यह सूचना NH-48 से गुजरात में शराब तस्करी के बारे में थी। इस पर आबकारी टीम ने बरौठी के पास नाकेबंदी की।

नाकेबंदी के दौरान एक तेज रफ्तार क्रेटा कार आती दिखी। आबकारी टीम ने जब कार को रोकने की कोशिश की, तो ड्राइवर ने गाड़ी की रफ्तार बढ़ा दी। टीम ने पीछा किया, तो तस्कर बिछीवाड़ा हाईवे से नीचे गाड़ी उतारकर झाड़ियों का फायदा उठाते हुए वाहन छोड़कर भाग गया।

#### फर्जी नंबर प्लेटें मिली

कार को कब्जे में लेकर जांच की गई। इसमें पंजाब निर्मित कुल 60 कार्टन अवैध अंग्रेजी शराब मिली। इसके अलावा, गाड़ी के अंदर से कई जाली और फर्जी नंबर प्लेटें भी मिलीं। तस्कर इनका इस्तेमाल पहचान छिपाने के लिए करते थे। आबकारी विभाग ने कार और अवैध शराब को जब्त कर लिया है। आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है। जब्त शराब की कीमत करीब 5 लाख रुपये बताई जा रही है।

### जालोर की घटना: ट्रेन की चपेट में आने से महिला का सिर फट, रो रहे मासूम को लोगों ने संभाला

# बेटे को पेड़ के नीचे बैठाया, ट्रेन के आगे कूदी महिला:1 दिन पहले पति ने पीटा था; बच्चे को दवा दिलाने की कहकर घर से निकली





**जालोर**। जालोर में महिला ने 6 महीने के बेटे को रेलवे ट्रैक के पास छोड़ा और फिर ट्रेन के आगे छलांग लगाकर सुसाइड कर लिया। ट्रेन की चपेट में आने से महिला का सिर फट गया और हाथ-पैर टूट गए। रोते हुए बच्चे को लोगों ने संभाला। जानकारी के अनुसार, 1 दिन पहले महिला के साथ पति ने मारपीट की थी, जिसके बारे में भाई को फोन कर बताया था। रविवार सुबह भाई मिलने पहुंचा और दोनों को समझाया। इसके बाद महिला बेटे को दवाई दिलाने की बात कहकर घर से निकल गई।

दोपहर में बागरा और जागनाथ रेलवे स्टेशन के ट्रेन के आगे कूदकर सुसाइड कर लिया। घटना के बाद महिला के शव को ट्रेन से जागनाथ स्टेशन पहुंचाया गया, जहां रेलवे कर्मचारियों ने कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। ASI मांगीलाल ने बताया- भावना (33) पत्नी डूंगाराम मेघवाल निवासी भागली सिंघलान गांव (जालोर) के 6 महीने के बेटे आर्यन की तबीयत खराब थी। रविवार सुबह करीब 9 बजे हॉस्पिटल जाने के लिए घर से निकली थी। दोपहर करीब 12:15 बजे बागरा और जागनाथ रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक के पास पहुंची। यहां उसने बेटे आर्यन को पटरी से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ की छांव में बैठा दिया। इसके बाद साबरमती से जोधपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। ट्रेन की टक्कर से भावना का सिर फट गया और हाथ-पैर टूट गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

#### सुसाइड के कारणों का नहीं हुआ खुलासा

ASI मांगीलाल ने बताया- बच्चा मौके पर रो रहा था, जिसे लोगों ने संभाला। महिला के शव और बच्चे को ट्रेन से जागनाथ रेलवे स्टेशन पहुंचाया गया। रेलवे कर्मचारियों ने शव को कोतवाली पुलिस को सौंपा, जिसे जालोर जिला हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। पुलिस ने परिजनों को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजनों के पहुंचने के बाद पोस्टमॉर्टम करवाकर शव सौंप दिया। फिलहाल किसी भी पक्ष ने थाने में मामला दर्ज नहीं कराया है। सुसाइड के कारणों की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार, भावना की करीब 8 साल पहले आटा-साटा में डूंगाराम मेघवाल के साथ शादी हुई थी। दोनों के ढाई साल की बेटी और 6 महीने का बेटा है। 1 दिन पहले पति-पत्नी में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था।

## पीएम मोदी के जन्मदिन पर निकली बाइक यात्रा भागलसेफ्टा पहुंची: पुष्पवर्षा से स्वागत



**भीनमाल**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने 'सेवा संकल्प अभियान' मोटरसाइकिल यात्रा शुरू की है। यह यात्रा वडनगर (गुजरात) से वाराणसी (उत्तर प्रदेश) तक निकाली जा रही है। शनिवार को यह यात्रा भीनमाल क्षेत्र के भागलसेफ्टा गांव पहुंची। यहां भाजपा युवा नेता टिकम सिंह राणावत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों के साथ जेसीबी पर चढ़कर पुष्पवर्षा भी की गई। राणावत ने बताया कि इस यात्रा का मकसद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के संदेश को आम लोगों, खासकर युवाओं तक पहुंचाना है। यह यात्रा प्रधानमंत्री के जन्मस्थान वडनगर से उनकी कर्मभूमि वाराणसी तक जा रही है।



## महाराजा-2 के सीक्वल पर काम शुरू, निथिलन हैं डायरेक्टर

**मुंबई।** साल 2024 में आई विजय सेतुपति और अनुराग कश्यप की फिल्म 'महाराजा' सुपरहिट रही थी। इस फिल्म को ना सिर्फ थिएटर्स में प्यार मिला, बल्कि ओटीटी पर भी इसे खूब तारीफें मिलीं। चीन में धमाल मचाने के बाद यह फिल्म अब हॉलीवुड में रीमेक होने जा रही है। इसी बीच मेकर्स ने ऐलान कर दिया है कि वो इस फिल्म का पार्ट-2 बनाने जा रहे हैं। विजय सेतुपति ने हाल ही में बत्था के म्यूजिक लॉन्च इवेंट में कन्फर्म किया कि इस फिल्म की हॉलीवुड रीमेक बन रहा है और वह इस रीमेक मूवी का हिस्सा बनना चाहेंगे। विजय सेतुपति ने कहा, 'निथिलन गजब के डायरेक्टर हैं, उनका राइटिंग सेंस कमाल का है। उन्होंने हाल ही में मुझे महाराजा-2 की कहानी सुनाई थी, जो कि बहुत खूबसूरत है।

लाइफ Style

# नोरा



डांसिंग क्वीन और एक्ट्रेस नोरा फतेही को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। उन्होंने दिसंबर 2015 में रियलिटी शो 'बिग बॉस 9' में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट एंट्री ली थी. लगभग एक महीने घर में रहने के बाद जनवरी 2016 में वह शो से बाहर हो गई थीं।

## बिग बॉस में एंट्री को लेकर सालों बाद खोला राज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब नोरा ने खुलासा किया है कि उन्होंने सलमान खान के इस शो में जाने के लिए मेकर्स के सामने एक खास शर्त रखी थी। नोरा फतेही ने स्वीकार किया कि शुरुआत में वह रियलिटी शोज को काफी नीची नजर से देखती थीं और उन्हें लगता था कि ये शो उनके लिए नहीं हैं। हालांकि, बाद में उन्हें अहसास हुआ कि ये शोज उतने बुरे नहीं होते जितना वह सोचती थीं, जिसके बाद ही उन्होंने 'बिग बॉस के घर में जाने का फैसला किया। नोरा ने खुलासा किया, 'मैं वाइल्ड कार्ड एंट्री थी, इसलिए मुझे पता था कि मैं ज्यादा दिन वहां नहीं टिकूंगी. मैं वास्तव में 'झलक दिखला जा' करना चाहती थी। चूंकि दोनों शो एक ही चैनल के थे, तो मैंने मेकर्स के सामने शर्त रखी कि अगर वे मुझे 'झलक दिखला जा' देंगे, तभी मैं 'बिग बॉस' करूंगी। इस तरह डील करके मैंने 'झलक दिखला जा' में भी एंट्री मारी।' एक बातचीत के दौरान नोरा फतेही ने बताया कि जब उन्होंने इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया था, तब उन्होंने कई गाने किए, लेकिन एजेंसी की तरफ से उन्हें उनके काम का पैसा नहीं मिल रहा था। उन्होंने बताया, 'मैं अपने ही पैसों के लिए लगातार लड़ रही थी और स्थिति बहुत खराब हो चुकी थी।

हॉलीवुड मसाला



## रेसिडेंट ईविल ने किया कमाल

**मुंबई।** हॉलीवुड फिल्म रेसिडेंट ईविल ने वाइब और दायरा को कलेक्शन के मामले में पछाड़ दिया। जहां शुक्रवार को इस फिल्म ने 2.60 करोड़ रुपए कमाए। वहीं, शनिवार को 2.26 करोड़ रुपए का बिजनेस किया। इस तरह दो दिनों में इस फिल्म की कमाई दायरा और वाइब को पीछे छोड़ते हुए 4.86 करोड़ रुपए हो चुकी है। साल 2026 बॉक्स ऑफिस के मामले में अनिश्चितताओं वाला रहा है। जहां एक तरफ बड़े बजट की टॉक्सिक महीने भर में ही कई सिनेमाघरों से हटा दी गई। वहीं, मात्र दो करोड़ में बनी हनुमान अंश सातवें हफ्ते में भी करोड़ों कमा रही है।




## एवेंजर्स: एंडगेम एनकोर ने एडवांस बुकिंग में गाड़े झंडे

**नई दिल्ली।** 'एवेंजर्स: एंडगेम एनकोर' की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म ने पहले दिन के लिए एडवांस बुकिंग में बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एवेंजर्स: एंडगेम एनकोर ने सिर्फ पहले दिन के लिए पीवीआर इनोक्स और सिनेप्लिक्स जैसी बड़ी सिनेमा चेन में लगभग 35,000 टिकट बेचे हैं। इस सुपरहीरो फिल्म के लिए ओपनिंग वीकेंड में कुल मिलाकर लगभग 1,25,000 टिकट एडवांस में बुक हुए हैं, जिनमें से लगभग 50,000 टिकट पहले दिन के लिए हैं। इस तरह, फिल्म ने एडवांस बुकिंग से लगभग 6.25 करोड़ रुपये की कमाई की है। अभी एक हफ्ता बाकी है, ऐसे में एडवांस बुकिंग के ये आंकड़े आमतौर पर ओपनिंग डे पर लगभग 20 करोड़ रुपये (नेट) की कमाई की ओर इशारा करते हैं।



## 69 की उम्र में भी हर रोल के लिए तैयार...

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनी राजदान इन दिनों अपनी फिल्म 'ओम का हरि' को प्रमोट करते हुए नजर आ रही हैं। हरीश व्यास के निर्देशन में बनी यह फैमिली ड्रामा और कॉमेडी मूवी शुक्रवार को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई। ऐसे में अब आलिया भट्ट की मां ने एक इंटरव्यू में बात करते हुए कहा कि वह एक कलाकार के तौर पर खुद को किसी तय दायरे में नहीं बांधतीं। वह हर किरदार को उसी उत्साह के साथ निभाती हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, सोनी ने कहा कि उन्हें भरोसा है वह खुद को किसी बिल्कुल अलग माहौल के किरदार में भी ढाल सकती हैं। उन्होंने इसके लिए लोकप्रिय सीरीज 'पंचायत' का उदाहरण दिया। सोनी ने कहा, 'एक एक्टर के तौर पर मैं हर किरदार को एक ही उत्साह के साथ देखती हूं। हर किरदार मुझसे या किसी भी एक्टर से अलग-अलग चीजों की मांग करता है।



## गोलमाल-5 की रिलीज डेट पर बिजनेस दिमाग

**मुंबई।** रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'गोलमाल 5' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 8 जनवरी 2027 को रिलीज हो रही फिल्म में अजय देवगन, अरशद वारसी। श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर। कुनाल खेमू और शरमन जोशी जैसे एक्टर्स नजर आने वाले हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं रोहित शेट्टी अपनी इस कल्ट क्लासिक गोलमाल सीरीज की 5वीं फिल्म 8 जनवरी, नॉन फेस्टिवल के मौके पर क्यों रिलीज कर रहे हैं? डायरेक्टर ने इस रिलीज डेट के पीछे तगड़ा दिमाग लगाया है। इसकी गुत्थी सुलझ गई है। आमतौर पर कोई भी फिल्ममेकर अपनी फिल्म को किसी फेस्टिवल या हॉलिडे से मौके पर रिलीज करना पसंद करता है। उसकी बड़ी वजह इन फेस्टिवल और हॉलिडे के सेलिब्रेशन से फिल्म को होने वाला आर्थिक फायदा है।

टीवी मसाला



## बिग बॉस 20 में मेहमान बनकर पहुंचे सिद्धार्थ और तमन्ना

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस 20' खूब चर्चा में है। शो के दूसरे हफ्ते के वीकएंड के वार में काफी हंगामा रहा। मेकर्स ने शो के कुछ नए प्रोमो जारी किए हैं। प्रोमो में देखा जा सकता है कि शो में सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया आए हैं। उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म का प्रमोशन किया है। वहीं, दूसरे प्रोमो में सलमान खान ने कुछ ऐसा किया, जिससे सभी प्रतिभागी घबरा गए हैं। नए प्रोमो में सलमान खान प्रतिभागियों से कहते हैं कि कोई खास आया है आपसे मिलने। इसके बाद सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया सलमान खान के साथ डांस करते नजर हैं। सिद्धार्थ मल्होत्रा कहते हैं 'मेरी नई फिल्म 'द वन' आ रही है। इस वन में रात को जाना वर्जित है क्योंकि वहां पर कुछ रहस्य हैं।' इसके बाद सलमान खान पूछते हैं 'रहस्य कब खोल रहे हैं?' इस पर तमन्ना भाटिया जवाब देती हैं '25 सितंबर को रहस्य बाहर आ जाएगा। क्या आपको पता है कि पूरे सोशल मीडिया पर बिग बॉस की बातें हो रही हैं।' इस बीच तमन्ना भाटिया, काजी तौकीर से कहती हैं कि मैं तुमसे वो हुक स्टेप सीखना चाहती हूं। फिर काजी अपना हुक स्टेप करके दिखाते हैं। एक दूसरे शो में सलमान खान यंग डीएसए को बुलाते हैं। इसके बाद ऐसा लगता है कि उनके सीने में जोर का दर्द होने लगा है। सलमान खान अपना सीना पकड़कर जमीन पर गिर जाते हैं। सभी प्रतिभागी उन्हें देखकर डर जाते हैं। जमीन पर लेटे-लेटे सलमान खान काजी तौकीर से कहते हैं 'तौकीर ये मैं जो कर रहा हूं वो तुम करते हो। एंटरटेनमेंट के लिए।' इसके बाद सलमान खान हंसने लगते हैं। इसके बाद सलमान खान कहते हैं कि एक्टिंग के हिसाब से तौकीर ने बहुत सही किया है।

### गौरव ने सुनाया किस्सा, बिग बी लगे मुस्कुराने

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में हाल ही में कुछ ऐसा हुआ, जिसने अमिताभ बच्चन और शो में मौजूद सभी लोगों को हंसा दिया। दरअसल, शो में कॉमेडियन गौरव गुप्ता और गौरव कपूर के साथ गीतकार और लेखक वरुण ग्रोवर खास मेहमान बनकर पहुंचे थे। इस दौरान 'सूर्यवंशम' की मशहूर खीर का जिक्र हुआ और गौरव कपूर ने ऐसा मजेदार किस्सा सुनाया कि अमिताभ बच्चन भी मुस्कुराने लगे। हालांकि, इस एपिसोड में सिर्फ सूर्यवंशम की खीर का ही जिक्र नहीं हुआ।



कॉमेडियन्स ने अमिताभ बच्चन की फिल्म 'शोले से जुड़ी याद भी ताजा कर दी। तीनों ने अमिताभ बच्चन से उनका मशहूर डायलॉग, 'तुम्हारा नाम क्या है, बसंती?' बोलने को भी कहा। एपिसोड में गौरव गुप्ता, गौरव कपूर और वरुण ग्रोवर खास मेहमान के तौर पर नजर आए। तीनों ने अमिताभ बच्चन के साथ क्विज खेला और इस दौरान खूब मस्ती भी की।

## ये हैं 2026 की शानदार 5 मलयालम फिल्में, इनकी कहानी होश उड़ा देगी

*मुंबई। मलयालम सिनेमा ने इस साल शानदार फिल्में बनाई है। लेकिन अगर साल की 5 बेस्ट फिल्मों का चयन करना हो तो वो शायद ये होगा। इस लिस्ट में देखीये मलयालम 5 बेस्ट फिल्में जो आपके होश उड़ा देंगी। मलयालम सिनेमा अपनी शानदार सस्पेंस से भरी कहानी और थ्रिलर के लिए दुनियाभर में अलग बना चुका है। इस साल मलयालम सिनेमा ने एक्शन, थ्रिलर, इमोशनल और रोमांटिक, ड्रामा फिल्मों से छाप छोड़ दी है। इन फिल्मों को आईएमडीबी पर शानदार रेटिंग मिली है।*

### बालन द बॉय

ये एक ऐसे बच्चे की कहानी है जिसका जन्म जेल में होता है। वो अपनी मां के साथ जब जेल से बाहर निकलता है तो नए नाम के साथ नई जिंदगी जीता है। फिर कुछ ऐसा होता है कि ये छोटा सा बच्चा अपनी मां से बिछड़ जाता है। अंत में जो होता है वो आपको रुला देगा। ये साल की सबसे इमोशनल कहानी मानी गई है। अगर आपने ये फिल्म नहीं देखी है तो एक बार समय निकाल कर जरूर देख सकते हैं। फिल्म जी 5 पर अवेलेबल है।

### भरतनाट्यम 2

भरतनाट्यम के पहले पार्ट को ऑडियंस ने पसंद किया था। ये एक ऐसे शख्स के परिवार की कहानी है जिसकी दो पत्नियां थीं। उसकी



मौत के बाद एक राज खुलता है और पैसों से जुड़ा मामला, सस्पेंस आपको सीट से हिलने नहीं देता। कहानी में एक मर्डर को छुपाए जाने को कोशिश की जाती है। इस फिल्म को कॉमेडी दृश्यम माना गया है। कहानी का अंत होश उड़ा देता है। आप इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

### संभवम अध्यायम ओन्नु

संभवम अध्यायम ओन्नु की कहानी सस्पेंस थ्रिलर से भरी हुई है। फिल्म एक जंगल की है जहां जाने वाले लोग अचानक कई साल पीछे पहुंच जाते हैं। कुछ उस जंगल से कभी वापस नहीं लौटते। फिल्म में अंत में जो सच सामने आता है वो होश उड़ा देगा। फिल्म जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं। ये फिल्म आपको सीट से हिलने नहीं देगी। कहानी और जंगल दोनों में आप गुम हो जाओगे।

### द्रीदम

एक मलयालम इन्वेस्टीगेशन क्राइम थ्रिलर फिल्म है जिसमें एक पुलिस ऑफिसर साजिश का पर्दाफाश करता है। फिल्म को ऑडियंस से जबरदस्त रिएक्शन मिला था। आप इस फिल्म को जियोहॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### नारिवेट्टा

एक की कहानी एक पुलिस ऑफिसर के इर्दगिर्द घूमती है। एक एक पॉलिटिकल एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसे ऑडियंस ने पसंद किया। इस फिल्म को सोनी लिव पर देख सकते हैं।

## अब थिएटर्स में आएगी गोंधल हिंदी डबिंग का काम पूरा

**नई दिल्ली।** मराठी सिनेमा की क्लासिक मूवी गोंधल अब जल्द ही हिंदी ऑडियंस के लिए थिएटर्स में अवेलिबल होगी। फिल्म की डबिंग का काम पूरा हो चुका है। गोंधल इस साल भारत की तरफ से ऑस्कर में ऑफिशियल एंट्री रहने वाली है। ऑस्कर के लिए भारत की तरफ से बतौर ऑफिशियल एंट्री जा रही मराठी फिल्म 'गोंधल' अब जल्द ही बहुत बड़ी ऑडियंस के लिए उपलब्ध होगी। मेकर्स इस फिल्म को हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज करने जा रहे हैं। महाराष्ट्र से निकलकर अब देशभर की ऑडियंस तक पहुंचने को तैयार इस फिल्म की डबिंग का काम पूरा हो चुका है, बल्कि अब मेकर्स इस फिल्म की अलग-अलग भाषाओं में रिलीज का ऐलान करने की तैयारी कर रहे हैं। एक खास बातचीत में फिल्म के एडिटर आशीष म्हात्रे ने बताया कि डबिंग का काम खत्म हो चुका है और अब रिलीज डेट का अनाउंसमेंट करने की तैयारी चल रही है। आशीष म्हात्रे ने कहा, 'इस फिल्म का हिंदी, तमिल और तेलुगू वर्जन तैयार किया गया है। तो सभी पर काम किया जा रहा है। प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। कुछ ही दिन में इसके बारे में अनाउंसमेंट कर दिया जाएगा।" मेकर्स ने फिल्म की थिएट्रिकल



रिलीज को अपनी रणनीति का सबसे अहम हिस्सा बनाया हुआ है। अभी मेकर्स इस फिल्म को ओटीटी पर लाने के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। म्हात्रे ने बताया, 'उन्होंने (मेकर्स ने) तय किया है कि वो अभी इसे ओटीटी पर रिलीज नहीं करेंगे। क्योंकि वो इसे थिएटर्स में दिखाना चाहते हैं।' लेकिन, सवाल यह है कि मेकर्स ऐसा क्यों चाहते हैं कि ज्यादातर ऑडियंस इस फिल्म को थिएटर्स में देखे? इसका जवाब देते हुए आशीष म्हात्रे ने कहा, 'क्योंकि मोबाइल और टीवी पर क्या होता है? वो जब इसे छोटी स्क्रीन पर देखते हैं। तो आपका ध्यान बंटता रहता है।'

### गांधी जी भी थे मुरीद; घर-घर में गूंजे उनके भजन

## भारत रत्न पाने वाली पहली संगीतकार, कहलाईं 'संगीत की रानी'

*नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा की वो महिला संगीतकार जिनके गीतों के धुन को महात्मा गांधी भी पसंद करते थे। उनके संगीत का जादू विदेशों में भी छाया था। इस आर्टिकल में कहानी भारत रत्न से नवाजी जाने वाली पहली महिला संगीतकार की, जिन्होंने दशकों तक म्यूजिक इंडस्ट्री में काम किया। यह संगीतकार कोई और नहीं, बल्कि एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी हैं। 16 सितंबर 1916 को जन्मीं सुब्बुलक्ष्मी ने कर्नाटक संगीत को दुनियाभर में पहुंचाया। सुब्बुलक्ष्मी बचपन से ही संगीत से जुड़ी थीं। उनकी दादी वॉयलिन वादक थीं। ऐसे में उन्हें भी बचपन से संगीत का गुण सिखाया गया। उन्होंने पंडित नारायणराव व्यास और सेम्मंगुडी श्रीनिवास अय्यर से संगीत की शिक्षा ली और मात्र 11 साल की उम्र में पहली बार पब्लिक परफॉर्मेंस दी।*

### यूएन में लहराया संगीत का परचम

इसके बाद सुब्बुलक्ष्मी ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने मद्रास म्यूजिक एकेडमी समेत कई इवेंट्स में शानदार परफॉर्मेंस के दम पर सबका ध्यान खींचा। उन्होंने नेशनल-इंटरनेशनल कॉलेज, कॉन्सर्ट्स और इवेंट्स में अपने संगीत का जादू बिखेरा। यहां तक कि वह यूएन जनरल एसेंबली में भी परफॉर्म कर चुकी थीं।

### अलग-अलग नामों से बुलाया जाता था

संगीत बनाने के अलावा सुब्बुलक्ष्मी की आवाज भी बहुत मधुर थी। उन्हें भजन गाने के लिए जाना जाता है। सुब्बुलक्ष्मी के सबसे कल्ट गीतों में मीनाक्षी पंचरत्नम, भज गोविंदम, विष्णु सहस्त्रनाम, हरि तुम हरो और वेंकटेश्वर सुप्रभातम शामिल हैं। उनकी मधुर आवाज और खूबसूरत संगीत के चलते ही सिनेमा में उन्हें अलग-अलग नामों से बुलाया जाता था।



### लता बुलाती थीं तपस्विनी

महात्मा गांधी और पंडित जवाहर लाल नेहरू उनके गीत और संगीत के फैन थे। जवाहर लाल नेहरू तो उन्हें 'संगीत की रानी' बुलाया था। यहां तक कि लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) भी उनके हुनर की कायल थीं। उन्होंने एक बार उन्हें 'तपस्विनी' बुलाया था। किशोरी अमोनकर ने उन्हें 'आठवां सुर' कहा था। गीतों और संगीत के अलावा वह अभिनय भी कर चुकी थीं।

### सुब्बुलक्ष्मी को मिल चुके ये अवॉर्ड्स

पद्म भूषण, रमन मैग्सेसे अवॉर्ड, पद्म विभूषण, भारत रत्न। इसके अलावा वह संगीत नाटक अकेडमी अवॉर्ड, संगीत कलानिधि, और कालिदास सम्मान से भी नवाजी जा चुकी हैं। आपको बता दें कि पति कल्कि सदाशिवम के निधन के बाद 1997 में उन्होंने पूरी तरह संगीत जगत से दूरी बना ली थी। 7 दशक के लंबे करियर में उन्होंने अपने हर काम से जनता के दिलों पर राज किया है।

## एशियाई खेल : भारत की बांग्लादेश पर 114 रन की बड़ी जीत

# फाइनल में भारत, शेफाली का तूफानी शतक



बांग्लादेश 81 रन पर ढेर

शेफाली का पहला टी20 शतक

निशिन

गत चैंपियन भारत ने एशियाई खेलों की महिला टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में लगातार दूसरी बार जगह बनाकर पदक पक्का किया। महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 114 रन से करारी शिकस्त देकर स्वर्ण पदक के मुकाबले में जगह बनाकर भारत के लिए एक और पदक सुनिश्चित किया। शेफाली वर्मा ने 49 गेंद में नाबाद 100 रन की पारी खेलकर टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपना पहला शतक जड़ा, जिससे भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 195 रन का मजबूत स्कोर बनाया। इसके जवाब में बांग्लादेश ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और पूरी टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर आउट हो गई।

### दीप्ति और नंदनी ने चटकाए 3-3 विकेट

बांग्लादेश के खिलाफ रन के लिहाज से यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत है। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा ने 7 जबकि नंदनी शर्मा ने 25 रन देकर 3-3 विकेट चटकाए। श्रीचरणी ने भी 7 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। भारत अब मंगलवार को स्वर्ण पदक के मुकाबले में श्रीलंका से भिड़ेगा। पिछले एशियाई खेलों में भी फाइनल इन्हीं दोनों टीम के बीच हुआ था। दोनों टीम पिछले रविवार को महिला टी20 एशिया कप के फाइनल में भी आमने-सामने थीं, जिसमें भारत ने 72 रन से जीत दर्ज की थी।

## दीपिका ने लगाई गोल की झड़ी उज्बेकिस्तान को 19-0 से हराया



एजेंसी ▶▶| काकामिलगहारा

दीपिका ने शानदार खेल का नमूना पेश करते हुए 8 गोल दागे, जिससे भारतीय महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों के पूल बी में अपने पहले मैच में कमजोर उज्बेकिस्तान को 19-0 से करारी शिकस्त दी। यह एकतरफा मुकाबला होने की उम्मीद थी और ठीक वैसा ही हुआ क्योंकि उज्बेकिस्तान की रक्षापंक्ति भारत के लगातार हमलों का कोई जवाब नहीं दे पाई। दोनों टीमों के बीच का अंतर मैदान पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था क्योंकि शुरुआत से ही भारत ने गोल वर्षा शुरू कर दी थी। भारत के लिए दीपिका (8वें, 22वें, 25वें, 33वें, 36वें, 38वें, 41वें, 54वें मिनट) ने गोल की झड़ी लगा दी, जबकि लालरेम्सियामी (7वें), इशिका (11वें, 42वें, 54वें), बलजीत कौर (12वें), नेहा (18वें), नवनीत कौर (23वें, 45वें), लथंतलुआंगी (43वें, 51वें) और साक्षी राणा (43वें) ने भी गोल किए। भारत सोमवार को अपने अगले मैच में इंडोनेशिया से भिड़ेगा।

## टीम इंडिया की इंडोनेशिया पर 13-1 से आसान जीत, दिलप्रीत ने दागे 4 गोल

काकामिगाहारा। स्ट्राइकर दिलप्रीत सिंह ने 4 गोल करके अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई, जिससे मौजूदा चैंपियन भारत ने पुरुष हॉकी प्रतियोगिता के पूल ए के अपने पहले मैच में इंडोनेशिया को 13-1 से हरा दिया। दिलप्रीत (18वें, 19वें, 37वें और 49वें मिनट) ने चार फील्ड गोल किए, जबकि शिलानंद लाकड़ा (6वें और 35वें मिनट) और सुखजीत सिंह (38वें और 48वें मिनट) ने दो-दो गोल दागे। गोल करने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ियों में अभिषेक (12वें मिनट), राजिंदर सिंह (19वें मिनट), मनदीप सिंह (21वें मिनट), कप्तान हरमनप्रीत सिंह (28वें मिनट) और जुगराज सिंह (47वें मिनट) शामिल थे। इंडोनेशिया की तरफ से एकमात्र गोल औलिया अल अर्द्ध ने 33वें मिनट में किया। भारत मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ अपना अगला मैच खेलेगा।



## मार्शल आर्ट : सुचिका ने किया पहला पदक पक्का

नागोया। सुचिका तारियाल ने महिला पारंपरिक मिश्रित मार्शल आर्ट (एमएमए) के 60 किलोग्राम वर्ग में मंगोलिया की अल्तांचिमेग बैगलमा को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई और इस तरह से आइची-नागोया एशियाई खेलों में भारत का पहला पदक पक्का किया। यह 36 वर्षीय खिलाड़ी अब सोमवार को सेमीफाइनल में उतरेंगी। इस प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में पहुंचने पर पदक पक्का हो जाता है क्योंकि अंतिम चार में हारने वाली दोनों खिलाड़ियों को कांस्य पदक मिलता है।



## टेकबॉल : पदक से चूकी क्विम्सी



नागोया। क्विम्सी डिसूजा को एशियाई खेलों की टेकबॉल प्रतियोगिता में दोहरा झटका लगा जब वह महिला एकल में कांस्य पदक से चूक गईं और कुछ ही मिनटों बाद मोहम्मद अनस बेग के साथ मिश्रित युगल में तीसरे स्थान के मुकाबले में भी हार गईं। क्विम्सी ने महिला एकल के कांस्य पदक के मैच में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में वह स्थानीय खिलाड़ी युइना सकामोटो से 0-2 (11-12 11-12) से हार गईं। इसके बाद मिश्रित युगल मुकाबले में भारतीय जोड़ी को वियतनाम के होआंग मिन्ह टैन गुयेन और जिया न्गिह ट्रिन्ह से 0-2 (9-12 6-12) से हार का सामना करना पड़ा।

## महिला बैडमिंटन : भारत क्वार्टर फाइनल में, कजाखस्तान को हराया



नागोया। भारत ने बैडमिंटन के महिला टीम स्पर्धा में कमजोर रैंकिंग वाले कजाखस्तान को 3-0 से हराकर रविवार को एशियाई खेलों के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली, जहां उसके सामने मेजबान जापान की कड़ी चुनौती होगी। इचिनोमिया सिटी म्यूनिसिपल जिम्नेजियम में भारत की स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधू, उन्नति हुड्डा और तन्वी शर्मा ने बिना कोई गेम गंवाए मुकाबला अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज सिंधू ने पहले मुकाबले में कमिला स्मागुलोवा को महज 24 मिनट में 21-7, 21-9 से शिकस्त दी। कजाखस्तान की कमिला की विश्व रैंकिंग 426 है। इसके बाद विश्व की 24वें नंबर की खिलाड़ी उन्नति ने अलिस्सा कुलेशोवा (विश्व रैंकिंग 866) को 22 मिनट में 21-7, 21-10 से हराया। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर मौजूद तन्वी शर्मा ने डायना नामेनोवा (विश्व रैंकिंग 1067) को 21-5, 21-10 से हराकर भारत की जीत पर मुहर लगा दी। भारत को अब मेजबान जापान के खिलाफ भारत को कहीं कड़ी परीक्षा से गुजरना होगा।

## टेबल टेनिस : भारत ने सिंगापुर को दी मात



टोयोटा। भारतीय महिला टीम ने टेबल टेनिस प्रतियोगिता के ग्रुप एफ के अपने दूसरे मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए सिंगापुर को 3-2 से हराया जबकि पुरुष टीम को ग्रुप एफ के अपने दूसरे मुकाबले में ईरान के हाथों 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय महिला टीम एक समय 1-2 से पिछड़ रहा था, लेकिन श्रीजा अकुला और यशस्विनी घोरपड़े ने अहम मैच जीतकर टीम को यादगार जीत दिलाई। भारत की ओर से मुकाबले की शुरुआत यशस्विनी ने की। उन्होंने जियान जेंग को 11-7, 11-3, 8-11, 11-9 से हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई। दीया चिताले भी तान झाओ से 7-11, 4-11, 11-7, 5-11 से हार गईं और सिंगापुर ने 2-1 की बढ़त बना ली। भारत के लिए चौथा मैच करो या मरो का था। श्रीजा ने पहले मैच की हार से उबरते हुए जियान जेंग को 6-11, 11-3, 11-7, 11-4 से शिकस्त दी और मुकाबला 2-2 से बराबर कर दिया।

## ब्रीफ न्यूज

### वापसी पर ध्यान केंद्रित अहम : चोपड़ा



नई दिल्ली। स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने एशियाई खेलों से बाहर होने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया, लेकिन कहा कि इस झटके को 'स्वीकार करना' और जल्द वापसी पर ध्यान केंद्रित करना अहम है। चोपड़ा ने कहा, 'यह निश्चित रूप से मुश्किल है। मैं यह नहीं कहूंगा कि यह आसान है। मेरे लिए यह थोड़ा सामान्य हो गया है क्योंकि मेरे करियर में ऐसा कई बार हुआ है। कई बार ऐसा हुआ जब मैं पूरी तरह तैयार था और अचानक चोट लग गई। 'चोपड़ा ने कहा कि इस बार की चोट इसलिए ज्यादा निराशाजनक थी क्योंकि उन्हें लगा था कि वह पहले की परेशानी से उबरकर आखिरकार अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में लौट आए हैं।

### क्रिकेट की लोकप्रियता जापान में बढ़ाने का अवसर

नई दिल्ली। जापान क्रिकेट संघ (जेसीए) के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) एलन कर को उम्मीद है कि भारत के खिलाफ होने वाला पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला उनके देश में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा और जापान को वैश्विक क्रिकेट समुदाय में अपनी पहचान मजबूत करने की दिशा में आगे ले जाएगा। मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारत मंगलवार को सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान पर जापान के खिलाफ मैदान में उतरेगा। कर ने कहा, खिलाड़ी काफी उत्साहित हैं। हमारे लिए इस तरह का मौका ज्यादा नहीं आता। उन्हें उम्मीद है कि भारत के खिलाफ यह मुकाबला भविष्य में जापान में अन्य शीर्ष क्रिकेट खेलने वाले देशों की मेजबानी का रास्ता खोल सकता है।कर ने कहा, हम इसे अपने भविष्य के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों का हिस्सा मान रहे हैं।



## विमेंस वनडे : भारत ए ने ऑस्ट्रेलिया पर बनाई बढ़त

मुल्लांपुर

तेजल हसबनिस और अनुष्का शर्मा ने आक्रामक अर्धशतक जबकि निकी प्रसाद के हरफनमौला खेल की बदौलत भारत ए ने खेले गए पहले महिला वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया ए को 4 विकेट से हरा दिया।

इस जीत के साथ भारत ने तीन मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। यह जीत मेजबान टीम के लिए राहत लेकर आई क्योंकि इससे पहले उसे टी20 सीरीज में 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। हसबनिस ने 82 गेंद में 81 रन की शानदार पारी खेली जिसमें पांच चौके और छह छक्के जड़े थे। उन्होंने उभरती हुई खिलाड़ी अनुष्का (55 रन, 61 गेंद, छह चौके, एक छक्का) के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 126 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इस साझेदारी की बदौलत भारत ने 236 रन के लक्ष्य को 41.1 ओवर में हासिल कर लिया।



**हसबनीस और अनुष्का ने किया डटकर सामना :** हालांकि लक्ष्य का पीछा करते हुए मेजबान टीम की शुरुआत अच्छी नहीं हुई और 9.1 ओवर में उसका स्कोर 3 विकेट पर 46 रन था।टीम ने सलामी बल्लेबाज तनीषा सिंह, प्रिया पूनिया और कप्तान यास्तिका भाटिया के विकेट गंवा दिए। लेकिन हसबनीस और अनुष्का ने 21 ओवर तक ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का डटकर सामना किया और 5 रन प्रति ओवर से ज्यादा की रफ्तार से रन बनाकर भारत को सुरक्षित स्थिति में पहुंचाया। फिर 33.2 ओवर में भारत का स्कोर पांच विकेट पर 195 रन था और जीत बिल्कुल करीब थी।

## इंडिया ए टीम के हेड कोच बने बालाजी



नई दिल्ली। भारत और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए इंडिया ए टीम का हेड कोच नियुक्त किया गया है। यह सीरीज पुडुचेरी में खेली जानी है। आईपीएल में कोचिंग का लंबा अनुभव है, जहां वे पहले सीएसके और तमिलनाडु की टीमों के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। लक्ष्मीपति बालाजी का इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट में करियर शानदार रहा है। उन्होंने भारत के लिए 8 टेस्ट, 30 वनडे और 5 टी20 मुकाबले खेले हैं, जिसमें उन्होंने अपनी सटीक लाइन-लेंथ और स्विंग से कई अहम सफलताएं हासिल कीं।

## जिम्बाब्वे को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज की क्लीन स्वीप



हरारे

जोश इंग्लिस के दूसरे वनडे शतक के बाद नाथन एलिस ने सुनिश्चित किया कि उनकी यह पारी बेकार नहीं जाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे वनडे में रोमांचक मुकाबले में 1 विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैच की सीरीज 3-0 से अपने नाम कर ली।

ऑस्ट्रेलिया ने 49.5 ओवर में यह जीत हासिल की। इंग्लिस की 102 गेंदों पर 103 रनों की शानदार पारी के बाद नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे एलिस ने 44 गेंद में नाबाद 36 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को 9 विकेट पर 272 रन के स्कोर तक पहुंचाकर जीत दिलाई। एलिस की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया जबकि एक समय ऐसा लग रहा था कि टीम यह मुकाबला हार जाएगी। इससे पहले टॉस जीतकर जिम्बाब्वे ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 271 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे की टीम जीत की उम्मीद लगाए थी, जब कप्तान सिकंदर रजा ने 42वें ओवर में इंग्लिस को क्लीन बोल्ड कर दिया। उस समय ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 45 रन और चाहिए थे। ब्रैड इवांस (10 ओवर में 47 रन देकर चार विकेट) ने 46वें ओवर में एडम जम्पा को आउट करके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 9 विकेट पर 245 रन कर दिया।

लेकिन एलिस और स्पेंसर जॉनसन (नाबाद सात रन) ने आखिरी विकेट के लिए 27 रन (अटूट) की रोमांचक साझेदारी की।

## 4,788 रन के साथ महिला टी20 में शीर्ष पर स्मृति



निशिन

सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बांग्लादेश के खिलाफ एशियाई खेलों के सेमीफाइनल के दौरान न्यूजीलैंड की दिग्गज सूजी बेट्स को पछाड़कर महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गईं।

महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर पहुंच गईं। उनके नाम अब 4,788 रन हैं। सूजी बेट्स 4,758 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं जबकि भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर 4,287 रन के साथ तीसरे और श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू 4,282 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं।

■ न्यूजीलैंड की दिग्गज सूजी बेट्स को पछाड़ा

### स्मृति के सभी प्रारूपों में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन

स्मृति महिला क्रिकेट में सभी प्रारूपों को मिलाकर भी सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाली बल्लेबाज हैं। उन्होंने हाल में महिला एशिया कप के दौरान पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज के 10,868 रन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा था। स्मृति के नाम अब सभी प्रारूपों में 10,987 अंतरराष्ट्रीय रन हैं, जिसमें टेस्ट में 788, एकदिवसीय में 5,411 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 4,788 रन शामिल हैं। बेट्स 10,740 रन के साथ सभी प्रारूपों में तीसरे स्थान पर हैं।

### स्मृति के नाम सर्वाधिक शतक का रिकॉर्ड

स्मृति के नाम महिला क्रिकेट में सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय शतक का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने हाल में महिला एशिया कप के ग्रुप चरण में हांगकांग, चीन के खिलाफ शतक जड़कर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया था। बांग्लादेश के खिलाफ स्मृति की आक्रामक शुरुआत ने भारत को महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय के उसके सबसे तेज पावरप्ले में से एक तक पहुंचाया।

## रणजी : हैदराबाद की कप्तानी संभालेंगे सिराज

नई दिल्ली

आगामी घरेलू सीजन में रणजी ट्रॉफी के लिए हैदराबाद क्रिकेट संघ ने मोहम्मद सिराज को कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी है। सिराज वनडे सीरीज खत्म होने के बाद ही अपनी घरेलू टीम के साथ जुड़ेंगे और उसमें भी वह शुरुआती दो मैचों में ही कप्तानी की जिम्मेदारी संभालेंगे।

हैदराबाद क्रिकेट संघ ने बताया कि मोहम्मद सिराज को आगामी रणजी ट्रॉफी सीजन के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें उनके अनुपस्थित होने या उपलब्ध ना होने की स्थिति में उपकप्तान सीवी मिलिंद कप्तानी की जिम्मेदारी को संभालेंगे। इसके अलावा टीम में अनुभवी बल्लेबाज तन्मय अग्रवाल, राहुल सिंह और विकेटकीपर राहुल रादेश और साई प्रज्ञय रेड्डी को भी शामिल किया गया है। 15 सदस्यीय टीम में चुने गए अन्य खिलाड़ियों में तनाय त्यागराजन, अनिकेत रेड्डी और अजय देव गौड़ ही भी शामिल हैं।



## शतरंज ओलंपियाड : महिला टीम को पोलैंड से मिली हार

# प्रज्ञानानंदा और गुकेश की जीत से नीदरलैंड पस्त

समरकंद

भारतीय पुरुष टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 46वें शतरंज ओलंपियाड के पांचवें दौर में नीदरलैंड को 3-1 से मात दी जबकि शीर्ष वरीय भारतीय महिला टीम को पोलैंड के हाथों अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा।

पुरुष वर्ग में शीर्ष बोर्ड पर आर. प्रज्ञानानंदा और चौथे बोर्ड पर विश्व चैंपियन डी. गुकेश ने जीत दर्ज कर टीम की सफलता में अहम योगदान दिया। प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती तीन बाजियां अपेक्षाकृत कम रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के खिलाफ ड्रॉ खेली थीं, लेकिन अहम मुकाबले में उन्होंने बेहतरीन खेल दिखाते हुए शानदार फॉर्म में चल रहे अनीश गिरी को शिकस्त दी।

### गुकेश ने 5 बाजियों में दर्ज की चौथी जीत

गुकेश ने एर्विन ला'आमी को हराकर पांच बाजियों में अपनी चौथी जीत दर्ज की। दूसरे बोर्ड पर अर्जुन एरिगैसी और जोरडेन वान फॉरेस्ट के बीच मुकाबला बराबरी पर छूटा। तीसरे बोर्ड पर निहाल सरीन को लूक वान वेली के खिलाफ ज्यादा परेशानी नहीं हुई और उनकी बाजी भी ड्रॉ रही। लगातार पांचवीं जीत के साथ भारतीय पुरुष टीम ने ओलंपियाड में लगातार दूसरी बार स्वर्ण पदक जीतने की अपनी उम्मीदों को मजबूत बनाए रखा है।



### महिला टीम के लिए पांचवां दौर निराशाजनक

शीर्ष वरीय भारतीय महिला टीम के लिए पांचवां दौर निराशाजनक रहा। दूसरे बोर्ड पर आर. वैशाली को एलेकजांद्रा माल्त्सेव्स्काया के हाथों हार का सामना करना पड़ा जबकि बाकी तीन बाजियां ड्रॉ रहीं।

इसके परिणामस्वरूप भारत को 1.5-2.5 से हार झेलनी पड़ी। विश्व के सबसे बड़े शतरंज आयोजन में अभी छह दौर बाकी हैं, ऐसे में भारतीय महिला टीम के सामने इस झटके से उबरकर वापसी करने की चुनौती होगी।

# आडवाणी, जयशंकर और संधू को भी नोटिस थमाया, इसमें सिब्बल, सिंघवी और विदेश सचिव मिस्री के भी नाम शामिल

## एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान जारी नोटिस की सूची में कई बड़े नाम भी सामने आए

**नई दिल्ली**

वोटर लिस्ट के एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान जारी नोटिस की सूची में कई बड़े नाम भी सामने आए हैं। इनमें भाजपा के सीनियर नेता व पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चुनाव आयुक्त एसएस संधू शामिल हैं। एक रिपोर्ट में यह बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लिस्ट में कांग्रेस के सीनियर नेता व सांसद कपिल सिब्बल, कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी और विदेश सचिव विक्रम मिस्री के भी नाम हैं। इन लोगों को अलग-अलग मामलों में मतदाता सूची से जुड़े रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए नोटिस भेजा गया है।



### बिहार से की थी प्रक्रिया की शुरुआत

चुनाव आयोग ने एसाईआर की शुरुआत सबसे पहले बिहार में की थी। 24 जून 2025 को प्रक्रिया शुरू की थी।

### रिकॉर्ड के सत्यापन के लिए नोटिस भेजा



### संधू के नाम में स्पेलिंग में अंतर पाया गया

नोटिस के अनुसार एसएस संधू के मामले में मतदाता रिकॉर्ड में उनके नाम की स्पेलिंग में अंतर पाया गया। जयशंकर और उनकी पत्नी केएस जयशंकर के नाम भी नोटिस लिस्ट में हैं। सिब्बल और मिस्री के नाम पिछले एसआईआर के रिकॉर्ड से मेल नहीं खा रहे। इस कारण उन्हें नोटिस जारी किया गया है। इसमें अरविंद केजरीवाल भी हैं।

### नोटिस भेजने की वजह- विसंगतियां

बताया गया है कि कई प्रमुख राजनीतिक और प्रशासनिक हस्तियों को नोटिस भेजा गया है। इसकी वजह पिछले एसआईआर के रिकॉर्ड से नाम का मिलान नहीं होना या रिकॉर्ड में कुछ विसंगतियां बताई गई हैं। नाम की स्पेलिंग में अंतर, पुराने रिकॉर्ड से नाम मैच नहीं करना और अन्य रिकॉर्ड संबंधी गड़बड़ियां मिली हैं।

### इन राज्यों में चला दूसरा चरण

दूसरे चरण में छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत 9 राज्यों व अंडमान-निकोबार, लक्षद्वीप और पुडुचेरी में अक्टूबर 2025 से एसआईआर शुरू हुआ, जो अप्रैल 2026 तक चला।

### तीसरे चरण में 16 राज्य और 3 केंद्रशासित प्रदेश शामिल

तीसरे चरण में ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, दादरा एवं नगर हवेली,दमन एवं दीव, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, तेलंगाना हैं।

### जयराम ने एसआईआर को दिया नया नाम

**शाह इंस्टीगेटेड रिमूवल**

कांग्रेस ने रविवार को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों के एसआईआर के दौरान बड़े पैमाने पर नाम हटाए जाने का मुद्दा उठाया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि एसआईआर वास्तव में मतदाताओं के नाम हटाने की एक बड़े पैमाने की 'शाह इंस्टीगेटेड रिमूवल' (अमित शाह के इशारे पर मतदाताओं के नाम हटाने की) प्रक्रिया और संविधान पर हमला है। जयराम ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह का संदर्भ देते हुए कहा कि यह वास्तव में मतदाताओं को हटाने की एक बड़े पैमाने की 'शाह इंस्टीगेटेड रिमूवल' प्रक्रिया है।

## ब्रीफ न्यूज

### सांवलिया सेठः 1.2 किलो चांदी का मॉडल चढ़ाया



**चित्तौड़गढ़।** जिले के प्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलिया सेठ मंदिर में आस्था और समर्पण की एक अनोखी मिसाल देखने को मिली है। निम्बाहेड़ा के एक व्यापारी ने अपने कारोबार में सफलता से खुश होकर भगवान के चरणों में करीब 1 किलो 200 ग्राम चांदी से बने जेके सीमेंट प्लांट का मॉडल अर्पित किया है। इस अनोखे उपहार पर यह चर्चा का विषय बन गया।

### फरीदकोट में 47 किलो हेरोइन जब्त,4 गिरफ्तार



**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने रविवार को फरीदकोट में सीमा पार से हेरोइन तस्करी के एक नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए चार लोगों के पास से 47 किलो से अधिक हेरोइन तथा हथियार और कारतूस बरामद किया। पुलिस महानिदेशक ने बताया कि उनके पास से 0 .30 बोर की तीन पिस्तौल, तीन मैगजीन और 15 कारतूस जब्त किए हैं। जांच की जा रही है।

### 3 लाख व जेवर ऐंठने वाले 6 गिरफ्तार



**लखनऊ।** यहां के कृष्णानगर थाना क्षेत्र में फर्जी पुलिस अधिकारी बनकर कारोबारी का अपहरण करने और 13 लाख नकद व जेवर वसूलने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके अन्य साथियों की तलाश है। डीसीपी साउथ मोहम्मद मुश्ताक ने मामले का खुलासा किया है।

### कबीर का प्रत्याशी नकली नोटों,हथियार संग अरेस्ट



**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भारी मात्रा में नकली नोट और अवैध हथियार रखने के आरोप में आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रदेश सचिव को पुलिस ने गिरफ्तार किया। इस पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर हैं और यह घटना 6 अक्टूबर को होने वाले रेजीनगर उपचुनाव से कुछ दिन पहले हुई है। इस चुनाव में कबीर के बेटे प्रत्याशी हैं।

### माता वैष्णो देवी हेलीपैड टर्मिनल में आग



**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं के आधार शिविर कटरा में एक हेलीपैड टर्मिनल रविवार तड़के आग लगने से आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें कोई हताहत नहीं हुआ। बताया गया कि हेलीपैड टर्मिनल में तड़के करीब सवा तीन बजे संभवतः शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी।

## 'छात्रों की गूंज' मिमिक्री विवाद पर भड़के केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता

# कांग्रेस कॉमेडियन और जोकरों की पार्टी बन गई, परफॉर्मर ने प्रधानमंत्री की हंसी उड़ाई

**नई दिल्ली**

इंदौर में राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान की गई मिमिक्री को लेकर केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधा। किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कांग्रेस की मिमिक्री वाला क्लिप था साझा कर लिखा कि कांग्रेस पार्टी कॉमेडियन और जोकरों की पार्टी बन गई है। वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं। राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के तौर-तरीकों और सार्वजनिक रूप से उनके पेश आने वाले अंदाज की मिमिक्री की गई थी। परफॉर्मर ने पीएम मोदी की खास हंसी, हाथों के इशारों और लोगों का अभिवादन करने और गले मिलने के तरीके की नकल की। यह एक्ट राहुल गांधी के संबोधन वाले छात्रों पर केंद्रित कार्यक्रम के दौरान हुआ। रिजिजू का यह पोस्ट 'छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर चल रही व्यापक राजनीतिक बहस के बीच आया, जिसमें राहुल गांधी ने बेरोजगारी और परीक्षा में अनियमितताओं सहित छात्रों से जुड़े 'मुद्दों' पर बात की।

### इंदौर में किया गया था यह आयोजन

रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कांग्रेस की मिमिक्री वाला क्लिप साझा कर लिखा कि कांग्रेस पार्टी कॉमेडियन और जोकरों की पार्टी बन गई है।



रिजिजू ने राहुल पर साधा निशाना

### पुलकित मणि ने की थी मिमिक्री

मिमिक्री करने वाले कलाकार पुलकित मणि थे, जो एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन और सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर हैं। यह परफॉर्मेंस जल्द ही राजनीतिक चर्चा का विषय बन गई, जिसमें भाजपा ने स्टेज एक्ट और उस पर राहुल गांधी की प्रतिक्रिया को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा।

### केंद्रीय शिक्षा मंत्री जोशी बोले: राहुल व कांग्रेस नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए



केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां का मजाक उड़ाने और मिमिक्री करने पर कड़ी आपत्ति जताई और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। प्रह्लाद जोशी ने 'एक्स' पर लिखा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी नैतिक दिवालियापन के सबसे निचले स्तर पर गिर गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों के साथ बातचीत वाले मंच का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां का मजाक उड़ाने और उनका अपमान करने के लिए किया गया, जो बुनियादी मानवीय संवेदनाओं की कमी को दर्शाता है।

### कांग्रेस के जयराम बोले: राहुल ने उस 'सिस्टम' का पर्दाफाश कर दिया



मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिमिक्री और टिप्पणियों को लेकर भाजपा के हमलों के बाद अब पूरी कांग्रेस राहुल गांधी के बचाव में उतर आई है। कांग्रेस ने न सिर्फ मिमिक्री विवाद पर भाजपा के रवैए को अलोकतांत्रिक बताया, बल्कि यह भी आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने मिलकर देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर दिया है।कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने'एक्स' पर पोस्ट करते हुए कहा कि राहुल ने उस 'सिस्टम' का पर्दाफाश कर दिया है जो छात्रों की आवाज दबा रहा है। रमेश ने कहा कि यह सिस्टम कौन है? यह भाजपा-आरएसएस के लोग हैं, जिन्होंने देश की शिक्षा, अर्थव्यवस्था, राजनीति और हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। इन्होंने शिक्षा व्यवस्था को खोखला और भ्रष्ट बना दिया है, क्योंकि यह सिस्टम छात्रों से डरता है।

### भाजपा विधायक राम: मिमिक्री मनोरंजन दे देगी, अवसरों पर चर्चा तो करते



महाराष्ट्र भाजपा विधायक राम कदम ने छात्रों और उनकी चिंताओं पर केंद्रित कार्यक्रम में मिमिक्री के इस्तेमाल पर सवाल उठाए। कदम ने कहा कि राहुल गांधी खुद कब इस बात पर गौर करेंगे कि मिमिक्री मनोरंजन तो दे सकती है? लेकिन अगर देश को आगे बढ़ना है और हमें छात्रों के उत्थान के बारे में बात करनी है, तो नीति, कड़ी मेहनत और अवसरों पर चर्चा करना जरूरी है। जिस तरह से वह बात रख रहे थे,छात्रों को गुमराह कर रहे थे।

### बिहार के मंत्री रामकृपाल: कांग्रेस ने दशकों तक राज किया अब छात्रों को संघर्ष करना पड़ रहा



बिहार के मंत्री राम कृपाल यादव ने कार्यक्रम की आलोचना की।उन्होंने कहा कि दशकों तक सत्ता में रहने के बावजूद युवाओं को अपनी बात रखने के लिए संघर्ष करना पड़ा है।

## एनजीटी में पर्यावरणीय पक्ष की 16 अपीलें रद्द

# उद्योग पक्ष की 51 में 30 को राहत! रिपोर्ट का हवाला देकर जयराम रमेश का सवाल

**नई दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में पर्यावरण और जनहित से जुड़े मामलों के निपटारे को लेकर केंद्र पर निशाना साधा है। उन्होंने साउथ एशियन रिपोर्टर फॉर एनवायरमेंट लॉज (सरल)बकी एक अध्ययन रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि 2026 के पहले 6महीनों में एनजीटी के समक्ष पर्यावरणीय या जनहित पक्ष की ऐसी एक भी अपील नहीं थी, जिसमें मेरिट के आधार पर फैसला उसके पक्ष में गया हो। रमेश ने एक्स पर कहा कि जनवरी से जून 2026 के बीच प्राधिकरण की पांचों पीठों के समक्ष 119 अपीलों का निस्तारण हुआ। सरल के विश्लेषण के मुताबिक इनमें से 52 अपीलें सीमा, विचारणीयता, अधिकार क्षेत्र या अन्य प्रक्रियात्मक आधारों पर खारिज अथवा निस्तारित हुईं और मेरिट के आधार पर इन पर फैसला नहीं हुआ। शेष 67 अपीलों पर मेरिट के आधार पर सुनवाई और फैसला हुआ। मेरिट पर सुनी गई 67 अपीलों में से 51 उद्योग, परियोजना प्रवर्तकों या संपत्ति मालिकों की ओर से दायर की गई थीं। इनमें 30 मामलों में संबंधित पक्षों के पक्ष में आदेश हुआ। इसके विपरीत पर्यावरणीय या जनहित पक्ष ने 16 अपीलें दायर की थीं और सरल के विश्लेषण के मुताबिक इन सभी 16 मामलों में अपील खारिज हुई तथा किसी मामले में भी संबंधित पक्ष को अनुकूल फैसला नहीं मिला।

सरल ने अपनी रिपोर्ट जनवरी से जून 2026 के दौरान एनजीटी की वेस्टर्न, सेंट्रल, प्रिंसिपल, सदर्न और ईस्टर्न जोन की पांचों पीठों में तय की गई अपीलों का अखिल भारतीय विश्लेषण किया है। रिपोर्ट में प्रक्रियात्मक आधार पर निस्तारित मामलों को मेरिट पर तय मामलों से अलग रखते हुए दोनों पक्षों की अपीलों के परिणामों का अध्ययन किया गया है। रमेश ने कहा कि एनजीटी की स्थापना जून 2010 में पर्यावरणीय न्याय को प्रभावी और त्वरित बनाने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि एक दशक में मोदी सरकार के कार्यकाल में एनजीटी को कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा कि एनजीटी को फिर से अपनी स्वतंत्रता और पर्यावरणीय न्याय के उद्देश्य को मजबूती से स्थापित करना होगा।

### क्या है एनजीटी का उद्देश्य

एनजीटी की स्थापना 18 अक्टूबर 2010 को हुई थी। कानून का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, वनों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से जुड़े मामलों का प्रभावी और त्वरित निपटारा, पर्यावरण संबंधी कानूनी अधिकारों के प्रवर्तन तथा पर्यावरणीय क्षति के लिए राहत और मुआवजा उपलब्ध कराना है। अधिकरण को पर्यावरणमें विशेषज्ञता रखने वाली विशेष संस्था के रूप में स्थापित किया गया है और उसे आवेदनों या अपीलों का अंतिम निपटारा दाखिल होने के 6महीने के भीतर करने का प्रयास करना है। यह विश्लेषण जनवरी-जून 2026 में अपीलों और उनके परिणामों पर आधारित है। इनसे एनजीटी के सभी प्रकार के मामलों के बारे में निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। रिपोर्ट अपीलों को पक्षकार और नतीजे के आधार पर वर्गीकृत करती है।

# लोग इसे राजनीतिक नजरिए से न देखें सामाजिक सुधार का कार्यक्रम बताया

**फजिल्का**

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने रविवार को कहा कि भाजपा की 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' पंजाब को बचाने का एक सामाजिक सुधार कार्यक्रम है। इसे राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। मेघवाल ने पंजाब के फजिल्का में नशा-विरोधी तीसरी यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा शुरू करने से पहले कानून और न्याय राज्य मंत्री मेघवाल ने आसफवाला युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। मेघवाल ने कहा कि भाजपा की नशा-विरोधी यात्राएं सरकारी कार्यक्रम नहीं हैं। कुछ लोग आज के कार्यक्रम को राजनीतिक नजरिए से देख रहे हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह सामाजिक सुधार का कार्यक्रम है।

### नशा-विरोधी यात्राएं सरकारी नहीं: मेघवाल



### यह पीढ़ियों को बचाने का है आयोजन

यह पंजाब और उसकी आने वाली पीढ़ी को बचाने का कार्यक्रम है। मान सरकार पर निशाना साधते हुए मेघवाल ने कहा कि उन्होंने पूरे सिस्टम को बर्बाद कर दिया है।केवल सिंह ढिल्लों ने गुलजार की आत्महत्या पर सवाल किए।

# नवीन का 2 दिनी यूपी दौरा आज से, संगठन संग करेंगे चुनावी मंथन

## सांसदों, विधायकों और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठकें कर चुनाव की तैयारियों को परखेंगे

**नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 21 और 22 सितंबर 2026 को दो दिवसीय उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण प्रवास पर रहेंगे। आगामी यूपी विधानसभा चुनावों के मद्देनजर, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण है। इस प्रवास के दौरान नवीन यूपी में चुनाव तैयारियों को लेकर विभिन्न संगठनात्मक बैठकों, सार्वजनिक कार्यक्रमों और सम्मेलनों का नेतृत्व करेंगे। वे ऐतिहासिक स्थलों और प्रमुख मंदिरों में दर्शन कर आशीर्वाद भी प्राप्त करेंगे। प्रवास के पहले दिन, 21 सितंबर 2026 को नितिन नवीन क्रांतिधरा मेरठ पहुँचकर सबसे पहले इंडियन नेशनल आर्मी शहीद स्मारक एवं उपवन में अमर बलिदानियों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। इसके उपरांत, वे पूर्वाह्न 11:30 बजे स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के मांगल्य ऑडिटोरियम में



आयोजित विशाल 'युवा सम्मेलन' को संबोधित कर युवा शक्ति का आह्वान करेंगे। दोपहर 1:45 बजे वे इसी परिसर में भाजपा 'शक्ति केंद्र सम्मेलन (पश्चिम क्षेत्र)' को संबोधित करेंगे। दिन के उत्तरार्ध में नवीन पश्चिम क्षेत्र के पूर्व पदाधिकारियों, सांसदों, विधायकों और समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठकें कर चुनाव की तैयारियों को परखेंगे।

प्रवास के दूसरे दिन, 22 सितंबर 2026 को नवीन प्रातः मेरठ में क्षेत्र के प्रबुद्धजनों एवं समाज के विशिष्ट नागरिकों के साथ संवाद बैठक करेंगे। इसके बाद वे मेरठ के ऐतिहासिक औघड़नाथ मंदिर में दर्शन-पूजन कर महादेव का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। सहारनपुर आगमन पर दोपहर 1:00 बजे राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा कार्यकर्ता के निवास स्थान पर भोजन करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष का एक कार्यकर्ता के घर जाकर भोजन करना भाजपा की 'कार्यकर्ता-प्रथम' की महान परंपरा, आत्मीयता और ज़मीनी स्तर से अटूट जुड़ाव का बड़ा संदेश देता है।। सहारनपुर में दोपहर 2:15 बजे वे पश्चिम क्षेत्र के पूर्व सांसदों व विधायकों से संवाद करेंगे, जिसके तुरंत बाद प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों तथा जिला महामंत्रियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर चुनावी रणनीति का गहन मंथन करेंगे। अपने इस ऐतिहासिक प्रवास के मंगलमयी समापन पर, नवीन प्रसिद्ध सिद्धपीठ श्री शाकम्भरी देवी मंदिर में माँ भगवती की पूजा-अर्चना करेंगे।

## कर्नाटक में गृहमंत्री शाह की तबीयत हो गई खराब

# फूड पॉइजनिंग के हुए शिकार, दौरा रद्द कर लौटे दिल्ली

## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया अब पूरी तरह स्वस्थ्य

**हुबली**

कर्नाटक में दो कार्यक्रमों में शामिल होने आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अचानक तबीयत खराब हो गई। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि अमित शाह फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। हालांकि अब वह पूरी तरह ठीक हैं। शाह को हुबली के गबूर में केएलई जगद्गुरु गंगाधर महास्वामीगलु मूरुसाविरमठ चिकित्सा महाविद्यालय की नई शैक्षणिक इमारत और 1,200 बिस्तरों वाले केएलई अस्पताल एवं चिकित्सा अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन करना था लेकिन वह इन कार्यक्रमों में शामिल नहीं हुए। स्थानीय नेताओं ने हालांकि, बताया कि दिल्ली के लिए हवाई अड्डा जाने से पहले शाम को उन्होंने परिसर का दौरा किया।



### नई इमारत का उद्घाटन नहीं कर सके

शाह का बेलगावी जिले का दौरा रद्द कर दिया गया। यहां उन्हें चिक्कोडी तालुक के एक्सांबा में श्री बीरेश्वर कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी के मुख्यालय की नई इमारत का उद्घाटन करना था।

### कार्यक्रम में केवल प्रह्लाद जोशी पहुंचे

जोशी ने एक्सांबा में बताया कि शाह को यहां आना था। फूड पॉइजनिंग की वजह से उनकी तबीयत खराब हो गई। अन्नासाहेब जोले (पूर्व भाजपा सांसद) ने मुझे और शेट्टार (बेलगावी सांसद जगदीश शेट्टार) को इस कार्यक्रम के लिए बुलाया था। हमें उनके साथ आना था, लेकिन अभी सिर्फ हम ही आए हैं। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि शाह अब पूरी तरह ठीक हैं।

### कर्नाटक के शिक्षा मंत्री बोम्मई और शेट्टार ने संस्थानों का लोकार्पण किया

जोशी ने कहा कि फूड पॉइजनिंग की वजह से हुई उल्टी के कारण उन्हें थोड़ी कमजोरी आ गई थी। जोशी, कर्नाटक के चिकित्सा शिक्षा मंत्री शरण प्रकाश पाटिल, पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई, बेलागवी के सांसद जगदीश शेट्टार और श्री जगद्गुरु मूरुसाविरमठ के श्री गुरुसिद्ध राजयोगिन्द्र स्वामी ने शाह की अनुपस्थिति में संस्थानों का उद्घाटन किया।

## राहुल ने फोन पर कन्हैया को फटकारा

# चुनाव में क्या हो रहा, सचिन पायलट व हुड्डा भी थे मौजूद

**नई दिल्ली**

दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टूडेंट यूनियन चुनाव में कांग्रेस की छात्र यूनिटएनएसयूआई को बुरी तरह हार



का सामना करना पड़ा है। चारों पदों पर एनएसयूआई के कैंडिडेट्स को पराजय मिली है। अध्यक्ष समेत तीन पद एबीवीपी के पास गए हैं तो एक एनएसयूआई से बागी होकर निर्दलीय लड़ने वाले दीपांशु शौकीन ने जीत दर्ज की है। चुनाव की शुरुआत से ही एनएसयूआई के कैंडिडेट सेलेक्शन पर सवाल खड़े होते रहे। दीपांशु मजबूत कैंडिडेट माने जा रहे थे, लेकिन उन्हें उपाध्यक्ष पद के लिए टिकट नहीं मिला, जिसकी वजह से निर्दलीय मैदान में उतरना पड़ा। अब राहुल गांधी ने कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल को फोन किया था, जिसके बाद भरी मीटिंग में वेणुगोपाल ने एनएसयूआई इनचार्ज कन्हैया कुमार को कड़ी फटकार लगाई थी। इसके बाद कांग्रेस ऑफिस में अचानक देर रात बैठक बुलाई गई। इस बैठक में वेणुगोपाल ने कन्हैया से पूछा कि यह क्या हो रहा है? राहुल ने मुझे फोन किया है।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415